ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



**Here and there in England & Scotland** The joke however was that in most places the gun is fired at Noon. The Scots in their parsimonious manner thought of firing at one o'clock.

**Pandemic Babies Follow Gaze...**

**Quiet the Anxiety in Your Head** Breathe, relax, indulge, forgive and forget to calm down



*दुनिया के सबसे उम्रदराज नर जाएंट पांडा ''एन'' की हांगकांग के ओशन पार्क में गुरुवार को मौत हो गयी। पांडा के 35 साल इंसान के 105 साल के बराबर हैं। पार्क की ओर से जारी बयान में बताया गया कि, हालत पिछले कुछ सप्ताहों से नर पांडा एन की तबीयत लगातार खराब चल रही थी, उसने खाना पीना भी बहुत कम कर दिया था। चीन की सरकार ने सन् 1999 में एन और जिया जिया नाम का पांडा का एक जोड़ा हांगकांग को तोहफे में दिया था। जिया जिया नाम की मादा जाएंट पांडा की सन् 2016 में 38 साल की उम्र में मौत हो गई थी। ओशन पार्क अथॉरिटी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, पांडा ने खाना छोड़ दिया था इसलिए उसे पानी और इलैक्ट्रोलाइट पेय पर्दाथों पर रखा गया था। पांडा की देखभाल करने वालों ने बताया कि पांडा की क्रियाशीलता में काफी कमी आ गयी थी। पार्क के चेयरमैन पॉओलो पोंग ने कहा, ''एन के साथ हमने कई यादगार लम्हें गुजारे हैं, उसके साथ हमारी कई दिल को छू लेने वाली यादें हैं। उसकी समझदारी और खेलने की ललक को हम कभी नहीं भूल पाएंगे।'' गौरतलब है कि यूं तो किसी सामान्य पांडा की उम्र 20 साल ही होती है, लेकिन यदि पाण्डा अच्छी व्यवस्था में किसी की निगरानी में रहते हैं तो काफी लंबा जीते हैं।*

# 'तृणमूल कांग्रेस उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं करेगी'

## ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की इस घोषणा से विपक्ष स्तब्ध

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **विपक्ष तृणमूल कांग्रेस के इस निर्णय को विश्वासघात व पीठ में छुरा भोंकने वाला काम बता रहा है, जिससे विपक्ष में भाजपा के खिलाफ एकता बनाने के प्रयास की हत्या हो गयी है।**
- **कुछ विपक्ष के नेता तो, अब यह सवाल भी उठा रहे हैं कि, विश्वासपूर्वक यह नहीं कहा जा सकता कि तृणमूल ने राष्ट्रपति चुनाव में किसको वोट डलवाये। क्योंकि, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन हो जाने के बाद, उन्होंने प्रारंभ में तो, प्रतिक्रिया दिखायी थी, पर, बाद में चुप्पी साध ली थी और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें शरद पवार भी शामिल हैं, के फोन कॉल उठाने भी बंद कर दिये थे।**
- **ममता के उपराष्ट्रपति के चुनाव में वोट नहीं करने के निर्णय से विपक्ष के नेताओं में इतनी कटुता है कि, ऐसी तीखी प्रतिक्रिया भी आ रही है कि, अब साफ हो गया है कि, विपक्ष की एकता में ममता बनर्जी की क्या भूमिका है, अब स्पष्ट हो गया है कि, वे सदा भितरघात करती हैं और उनका एक ही प्रयास होता है कि, कांग्रेस को मध्य में रखकर कोई विपक्ष की एकता का प्रयास न बन जाये।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई। भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता को लेकर तृणमूल काँग्रेस का दोहरापन एवं धोखेबाजी आज उस समय खुलकर सामने आ गये, जब पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव, अभिषेक बनर्जी, जो पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी के भतीजे हैं, यह घोषणा कर दी कि पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को वोट नहीं देगी।

इसके बजाय, पार्टी मतदान से अलग रहेगी।

दूसरी तरफ, ममता बनर्जी ने कोलकाता में अपनी पार्टी के समारोह में कहा कि वे अन्य पार्टियों के साथ मिलकर, केन्द्र में भाजपा के खिलाफ संघर्ष करेंगी। उन्होंने अपनी पार्टी के साथियों का आव्हान किया कि वे अन्य पार्टियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश, बिहार, गोवा तथा देश में कहीं भी, भाजपा को हराने के लिये काम करें।

इस बात को भली भाँति जानते हुये, बंगाल से बाहर कहीं भी कम से कम एक सीट जीतने के लिये की गई तमाम तर कोशिशों के बावजूद, वे असफल रहीं हैं। गोवा, त्रिपुरा तथा असम के हाल ही में हुये राज्य स्तरीय चुनावों में, वे एक भी सीट नहीं जीत सकी हैं। गोवा विधानसभा चुनावों में उनके किसी भी उम्मीदवार को इतने वोट भी नहीं मिल सके कि वे अपनी जमानत जब्त होने से बचा पाते।

उपराष्ट्रपति चुनाव का बहिष्कार करने की तृणमूल की घोषणा ने विपक्षी दलों की एकता पर सीधा प्रहार किया हैं। विपक्ष का एक भी नेता ऐसा नहीं है जो तृणमूल कांग्रेस के इस रूख तथा विपक्षी एकता के सभी प्रयासों की पीठ में छुरा भौंकने से हैरान न रह गया हो।

जहाँ उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के समर्थन का प्रश्न है, इस सम्बन्ध में विपक्षी नेताओं की एक रिसॉर्ट-मीटिंग हुई थी। इस समय सर्कुलेट हो रही रिपोर्टों के अनुसार, कुछ समय पहले ही, ममता बनर्जी, असम के मुख्यमंत्री बिस्वा सरमा तथा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ की दार्जलिंग में एक आकस्मिक मीटिंग हुई थी। मीटिंग की समाप्ति पर रवाना होने से पहले, इन शीर्ष नेताओं के बीच दोस्ताना बातचीत भी हुई थी।

इस मीटिंग के शीघ्र बाद ही, धनखड़ की उम्मीदवार की घोषणा हो गई थी। भाजपा का कहना है कि बंगाल के राज्यपाल जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं तथा एक सामान्य किसान परिवार से हैं। वे किसानों के मुद्दों से भली भाँति परिचित हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि तृणमूल विधायकों ने राष्ट्रपति चुनाव में वोट किस तरह दिये थे। ममता बनर्जी राष्ट्रपति पद हेतु एन.डी.ए. की प्रत्याक्षी के नाम की घोषणा पर प्रारम्भिक प्रतिक्रियाएं देने के बाद, ने बिल्कुल चुप्पी साध ली थी और तो और, वे विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें शरद पवार भी शामिल हैं, के फोन-कॉल्स के लिये भी उपलब्ध नहीं थीं।

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से टी.एम.सी. के अलग रहने की आज की घोषणा के बाद, विपक्षी एकता को लेकर उनकी भूमिका स्पष्ट हो गई है-यह भूमिका विपक्षी एकता को अन्दरूनी तौर से तोड़ने वाले की हैं।

यह अब स्पष्ट हो जायेगा कि वे भाजपा के खिलाफ एवं संगठित मोर्चा बनाने की विपक्ष की कोशिशों के लिये एक विवादस्पद नेता सिद्ध होंगी। उनकी कोशिश उन सारी कोशिशों को कमजोर रही है, जो कांग्रेस के इर्द-गिर्द संयुक्त मोर्चा बनाये जाने की दिशा में सम्मिलित रूप से की गई हैं।

# ''ई.डी. झूठ बोल रहा है'' कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने आरोप लगाया

## ई.डी. के हवाले से कहा गया था कि, सोनिया गांधी की ''प्रार्थना'' (रिक्वैस्ट) पर पूछताछ दो घंटे बाद स्थगित की गयी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **जयराम रमेश के अनुसार सोनिया गांधी ने तो कहा था कि, वे देर रात तक सवाल-जवाब के लिये तैयार हैं तथा अगले दिन (शुक्रवार) को भी ई.डी. के समक्ष पूछताछ के लिये आने को तैयार हैं, क्योंकि, वे चाहती हैं कि, मसला जल्दी से जल्दी पूरा हो।**
- **जयराम रमेश के अनुसार ई.डी. ने उन्हें सोमवार को आने के लिये कहा, क्योंकि शुक्रवार को अफसर किसी अन्य कोर्ट केस में व्यस्त हैं।**
- **गुरूवार को पूछताछ, जयराम रमेश के अनुसार, इसलिये दो घंटे बाद जारी नहीं रखी गयी, क्योंकि ई.डी. से सम्बद्ध डॉक्टर केवल सुबह उपलब्ध होते हैं और सोनिया गांधी या किसी अन्य व्यक्ति से भी सवाल-जवाब के बाद ई.डी. के डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी होता है।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई। एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने नैशनल हैरल्ड अखबार से संबंधित कथित मनी लाँडरिंग केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दूसरे दौर की पूछताछ के लिए सोमवार को तलब किया है।

उनसे सहायक निदेशक स्तर के उसी जांच अधिकारी ने गुरुवार को करीब दो घंटे तक पूछताछ की जिन्होंने इस केस में उनके पुत्र राहुल गांधी से पूछताछ की थी। उनकी पुत्री प्रियंका गांधी उनके साथ आयी थीं और बाद में राहुल भी आ गए।

ई.डी. अधिकारियों ने दावा किया कि जब सोनिया गांधी ने अनुरोध किया कि वे अब भी कोविड-19 से रिकवर हो रही हैं तो आज की पूछताछ का क्रम समाप्त कर दिया गया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ किंग्स वे कैंप पुलिस स्टेशन से बाहर आने के तुरन्त बाद कहा कि यह पूर्णतया झूठ और आधारहीन है और ई.डी. सूत्रों के हवाले से पी.टी.आई. ऐसा प्रचारित कर रही है।

दोपहर 12.20 बजे जब पूछताछ शुरु हुई तब उन्हें बताया गया कि भोजनावकाश दिया जाएगा तथा आगे की पूछताछ के लिए उन्हें वापस आना होगा। हालांकि दोपहर 2.20 बजे ई.डी. अधिकारियों ने उन्हें बताया कि वे लंच के लिए जा सकती है और उन्हें शायद अब सोमवार को आना होगा।

उन्होंने बताया कि सोनिया ने कहा कि वह वापस लौटने और रात्रि तक पूछताछ कर सामना करने को तैयार हैं और शुक्रवार को भी पूछताछ जारी रखवाना चाहती है क्योंकि वह इसे जल्द से जल्द समाप्त करवाने की इच्छुक हैं। जयराम ने इस झूठ के लिए कि पूछताछ उनके अनुरोध पर खत्म की गई, ई.डी. की भर्त्सना की।

उन्हें ई.डी. अधिकारियों ने सुबह कहा था कि डॉक्टर उपलब्ध है पर असल में उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं था जैसा कि अनिवार्य भी है कि जिस व्यक्ति से पूछताछ होनी है उसके स्वास्थ्य की जांच की जाती है।

एक सवाल के जवाब में जयराम ने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पूछताछ के खिलाफ गुरुवार को शुरु किया गया प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहेगा तथा देश के हर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा।

सोमवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के अवरोध के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुक्रवार को मूल्यवृद्धि और जी.डी.पी. वृद्धि पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खनन माफिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय गुरुवार को इस बात के लिए तैयार हो गया कि हरियाणा के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डी.एस.पी.) प्रकरण की जाँच कराई जाये। ज्ञातव्य है

- **अरावली के खनन माफिया द्वारा हरियाणा के नूह में डी.एस.पी. सुरेन्द्र सिंह को कुचलकर मार डालने के मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट करेगा।**

कि खनन माफ़िया ने दो दिन पहले नूह जिले की अरावली पहाड़ियों में उक्त डी.एस.पी. को मार डाला था।

डी.एस.पी. सुरेन्द्र सिंह, जो मंगलवार को गैर कानूनी पत्थर-खनन की जाँच कर रहे थे, ने तौरू के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हम जब वकील थे, पेड़ों के नीचे खड़े होते थे सुनवाइयों के बीच'

## सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना ने उन वकीलों पर कटाक्ष किया, जो वकीलों के चैम्बरों के आवंटन में अर्जैन्ट सुनवायी की मांग कर रहे थे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **''400-500 वकीलों को अपना चैम्बर मिलने वाला है। क्या आप लोग इस प्रक्रिया को पटरी से उतारना चाहते हो।''**

नई दिल्ली, 21 जुलाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एन.वी. रमना के गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट के उन वकीलों को लताड़ा, जो चैम्बर्स के आवंटन के अपने केस की अर्जेंट सुनवाई की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, जब हम वकील थे तब पेड़ के नीचे खड़े रहते थे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के वकीलों को खुद भाग्यशाली समझना चाहिए कि उन्हें चैम्बर मिलता है अन्य कही भी वकीलों के चैम्बर नहीं दिया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को चैम्बर्स सी.जे.आई. द्वारा गठित कमेटी द्वारा आंवटित किए जाते हैं और आवंटन पर सी.जे.आई. की स्वीकृति आवश्यक है। सी.जे.आई. ने कहा, मैं सी.जे.आई. के रूप में बात नहीं कर रहा हूँ मैं वकीलों के कल्याण के लिए बात कर रहा हूँ। बहुत मुश्किल से कुछ हुआ है शानदार चैम्बर्स की उम्मीद मत कीजीए। चैम्बर मिलना ही बहुत बड़ी बात है।''

उन्होंने कहा जस्टिस बी.आर. गवई, सूर्यकांत और जे.के. माहेश्वरी की एलॉटमैंट कमेटी के आवंटियों की लिस्ट बनाने में बड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, अब 400-500 लोगों को फायदा मिलेगा आज उसे रोकना चाहते हैं क्या? लेकिन अंततः सी.जे.आई. अगले सप्ताह बैंच के समक्ष मामला रखने के लिए मान गए।

चैम्बर्स का आवंटन सुप्रीम कोर्ट लॉयर्स चैम्बर्स (एलॉटमैंट एण्ड ऑक्यूपैन्सी) एल्स टू एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के आधार पर होता है, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज हुई है।

# ज्ञानवापी मस्जिद

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के एक आर्डर के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की एक अपील पर सुनवाई अक्टूबर के पहले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। इलाहबाद हाईकोर्ट ने स्थल के सर्वे

- **इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर तक सुनवाई स्थगित की।**

के लिए एक कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति वापस रखने का आदेश दिया था।

जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की एक बैंच ने कहा कि वह हिन्दू श्रद्धालुओं द्वारा दायर दीवानी दावे को कायम रखने के प्रति कमेटी आपत्तियों पर वाराणसी जिला जज के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पचहत्तर वर्षीय सोनिया गांधी समन करने पर ई.डी. के समक्ष उपस्थित हुईं पूछताछ के लिये

## ई.डी. ने उनसे पूछने के लिये 50 सवालों की लिस्ट बना रखी थी तथा पांच अधिकारियों, जिनमें एक महिला अफसर भी शामिल है, ने उनसे 2 घंटे पूछताछ की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **अशोक गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, ई.डी. के इस कृत्य में शालीनता का नितान्त अभाव है। अगर ई.डी. को सोनिया गांधी से कुछ स्पष्टीकरण चाहिए था, तो उनके घर जाकर प्राप्त किया जा सकता था। सोनिया गांधी को ई.डी. के कार्यालय में बुलाकर सवाल-जवाब करना शालीनता की दृष्टि से, कानून की दृष्टि से गलत है।**
- **संसद में मल्लिकार्जुन खड़गे के चैम्बर में डी.एम.के., सी.पी.एम., सी.पी.आई., आई.यू.एम.एल., नैशनल कॉन्फ्रेंस, टी.आर.एस., एम.डी.एम.के., एन.सी.पी., वी.सी.के., शिव सेना व आर.जे.डी. के नेताओं ने एकत्रित होकर, सोनिया गांधी के समर्थन में संयुक्त वक्तव्य जारी किया।**
- **भाजपा ने कांग्रेस के गांधी परिवार को बचाने के दुराग्रह की आलोचना की।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई। जिस दिन 75 वर्षीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष उपस्थित हुई, देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खुलकर हमला बोला। कांग्रेस ने इन दोनों पर असहिष्णु होने तथा निर्वाचित सरकारों को गिराने तथा राजनैतिक विरोधियों को परेशान करने के लिये केन्द्रीय एजेंसियों को राजनैतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के आरोप लगाये।

राष्ट्रपति पद के संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार यशवन्त सिन्हा ने एक ट्वीट में कहा, ''मैं राजनेताओं को अपमानित करने की ई.डी. की प्रवृत्ति की घोर निन्दा करता हूँ। अगर ई.डी. के अधिकारियों को सोनिया गांधी से पूछताछ करनी भी थी, तो उन्हें उनके (सोनिया) के आवास पर जाना चाहिये था।'' राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वे सोनिया गांधी को सम्मन भेजने के ई.डी. के कृत्य की मर्त्सना करते हैं क्योंकि ऐसा करना न तो कानून के तहत अच्छा था, और न शालीनता के लिहाज से। उन्होंने कहा कि नैशनल हैरल्ड मामले में प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाँडरिंग एक्ट (पी.एम.एल.ए.) के तहत, कोई केस नहीं बन सका हैं।

गुरूवार सुबह, ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर मीडिया को सम्बोधित करते हुये, गहलाते ने कहा, ''अगर स्पष्टीकरण के लिये उनसे (सोनिया) पूछताछ करने की जरूरत भी थी, तो ई.डी. अधिकारियों को चाहिये था कि वे उनके आवास पर जाते तथा उनका बयान रिकॉर्ड कर लेते। इस काम को अंजाम देने का यह एक शिष्ट एवं मर्यादित तरीका होता। लेकिन, असली मंशा तो उन्हें परेशान करने का है, पूछताछ करने का नहीं।''

मुख्यमंत्री गहलोत ने आगे कहा कि दिल्ली पुलिस ने पार्टी मुख्यालय को ''छावनी'' बना दिया है तथा शान्तिपूर्ण कांग्रेस जनों को ''हमारे कार्यालय'' ने प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे कार्यकर्ता सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने के लिये शान्तिपूर्ण भजन गा रहे हैं। यह तो सच्चाई है कि धरना और (विरोध) प्रदर्शन लोकतन्त्र के आभूषण हैं। लेकिन मोदी जी इस बात को नहीं समझते, क्योंकि वे देश में तानाशाही कायम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्मृति इरानी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जुलाई। गोवा के असागाव गाँव के मोटा वाड्डो नामक स्थान पर 1200 वर्गमीटर परिसर में फैले ''सिली सोल्स कैफे एंड बार'', जो कथित रूप से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के परिवार द्वारा चलाया जा रहा है, को

- **केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी के परिवार को एक्साइज़ विभाग का नोटिस। आरोप है कि, परिवार गोवा के अपने सिली सोल्स कैफे एण्ड बार में फर्ज़ी लाइसैंस से शराब बेच रहा है।**

कथित रूप से गैर कानूनी तरीके से शराब का लाइसेंस लेने के मामले में सोमवार को ''कारण बताओ'' नोटिस जारी कर दिया गया था।

एक्साइज कमिश्नर नारायण एम. गड ने शिकायतकर्ता ऐक्टिविस्ट एडवोकेट ऐअरीज़ रॉड्रिग्ज, जिन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**पराधीन को जिन्दा कहें, तो मुर्दा कौन है। –हितोपदेश**

# स्वतंत्रता बनाम गिरफ़्तारी

लिबर्टी (स्वतंत्रता) शब्द लैटिन शब्द 'लिबर' से उत्पन्न होना माना गया है। इस शब्द का अर्थ है– बन्धनों से मुक्ति। दण्ड प्रक्रिया संहिता (Cr.P.C.) में पुलिस को यह अधिकार है कि वह अभियुक्त को अर्थात् जिस व्यक्ति ने तथाकथित अपराध किया है ऐसी शिकायत होने अथवा अपराध उसकी जानकारी में आया है तो वह व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है। गिरफ्तारी का अर्थ है मानव की स्वतंत्रता (Liberty) में दखल देना। संविधान के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप ने अपनी पुस्तक 'हमारा संविधान' में शब्द स्वतंत्रता को समझाते हुये कहा है कि ''स्वतंत्रता का शाब्दिक अर्थ होगा, बंधन मुक्ति, कारा मुक्ति, दासता मुक्ति, कृषि दासता से मुक्ति या निरंकुशता से मुक्ति''। विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता की जिस रूप में व्याख्या संविधान के मूल अधिकारों वाले भाग में की गई है, विनियमन इस प्रकार किया जाना चाहिये जिससे राज्य, लोक हित आदि की सुरक्षा खतरे में न पड़ जावे।

स्वतंत्रता (Liberty) का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और कानूनानुसार गिरफ्तारी होती है जब सीआरपीसी के प्रावधानों के अनुसार पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करती है। गिरफ्तारी के 24 घण्टे में आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाना आवश्यक प्रक्रिया है। संविधान का अनुच्छेद 21 गारन्टी देता है कि किसी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा उसके जीवन अथवा वैयक्तिक स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जायेगा। यहाँ निम्नलिखित मामलों में स्वतंत्रता के अधिकार को मान्य माना है:–

1) कर्जा अदा न कर पाने पर व्यक्ति को कारावास नहीं भेजा जा सकता, क्योंकि इसे सुप्रीम कोर्ट ने उसकी वैयक्तिक स्वतंत्रता से वंचित करने के समान माना है। सुप्रीम कोर्ट ने जॉली जार्ज बनाम बैंक ऑफ कोचीन के केस में यह माना है कि नागरिक दायित्व (Civil Liability) के कारण किसी को कारावास में नहीं डाला जा सकता।

2) जीवन शब्द कारावास में शारीरिक अवरोध या परिरोध तक की सीमित नहीं है, बल्कि पशु जैसे अस्तित्व से कहीं ज्यादा महत्व है।

3) अविलम्ब निर्णय व्यक्ति की स्वतंत्रता का अंग है।

4) हत्या के मामले युक्तियुक्त आधार के बिना जमानत स्वीकार करने से इन्कार करना वैयक्तिक स्वतंत्रता से वंचित करने के तुल्य होगा।

5) हथकड़ी लगाने की अनुमति विशेष परिस्थितियों में ही दी जा सकती है। यह वैयक्ति स्वतंत्रता के विरुद्ध है।

6) बिना आरोप लगाये व मुकदमा चलाये किसी व्यक्ति को करावास में नहीं रखा जा सकता। यह भी वैयक्तिक स्वतंत्रता का एक उदाहरण है।

ऐसे कई प्रसंग मौजूद हैं जिसमें वैयक्तिक स्वतंत्रता को महत्वपूर्ण अधिकार स्वीकार किया गया है।

प्रत्येक गम्भीर केस में जमानत का प्रश्न उत्पन्न होता है। कोर्ट्स की कॉज लिस्ट जमानत की एप्लीकेशन्स से भरी रहती है। जमानत का प्रश्न इज्जत का मामला है। यही फौजदारी केसेज के मामलों में प्रधान रूप से विलम्ब का प्रश्न है। यह विलम्ब ट्रायल कोर्ट, सेशन्स कोर्ट और हाईकोर्ट तक चलता रहता है। Liberty (स्वतंत्रता) और गिरफ्तारी का प्रश्न एक दूसरे के विरुद्ध है। कोर्ट्स भी बहुत समय बहस सुनने में और निर्णयों में लगा देती हैं यहां तक देखा गया है कि बेल के आदेश भी त्मेमतअम किये जाते हैं।

हमारा आपराधिक कानून व उसकी प्रक्रिया बहुत पुरानी है, कई संशोधन हुये हैं फिर भी विलम्ब को रोकना कठिन बना हुआ है। एक्ट नं. 25 से सन् 2006 में एक संशोधन लाया गया था कि 7 वर्ष व अधिक की सजा के मामलों को छोड़कर जमानत ली जावेगी। किन्तु यह संशोधन लागू ही नहीं हुआ है। माननीय सुप्रीम कोर्ट जमानत के मामलों में विलम्ब को लेकर कई तीखी टिप्पणी भी कर चुका है। कुछ दिन पूर्व दिनांक 11.07.2022 को सत्येन्द्र कुमार अन्तिल बनाम सेन्टर ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के एक केस में सर्वोच्च न्यायालय की खण्ड पीठ के न्यायाधीश सन्जय किशन कौल व न्यायाधीश एम.एम. सुन्दरेश पीठ के समक्ष ऐसी ही परिस्थितियों का केस सुनवाई में आया। माननीय खण्डपीठ ने केन्द्रीय सरकार को सिफारिश की है वह शीघ्र ही जमानत के मामलों के लिये एक विशिष्ट कानून Bail Act बनाये ताकि जमानत के मामले शीघ्र से शीघ्र निपटाये जा सकें। माननीय खण्डपीठ ने बहस के समय सभी पक्षों का ध्यान आकर्षित करते हुये कहा कि यू.के. में Bail Act है, उसका अध्ययन कर कानून बनाया जावे। माननीय पीठ के न्यायाधीशों ने गिरफ्तारी के लिये प्रक्रिया के बाबत कुछ सुझाव भी दिये तथा जमानत के प्रार्थना पत्र पर आदेश पारित करने की समय सीमा भी निर्धारित की।

> **हमारा आपराधिक कानून व उसकी प्रक्रिया बहुत पुरानी है, कई संशोधन हुये हैं फिर भी विलम्ब को रोकना कठिन बना हुआ है। एक्ट नं. 25 से सन् 2006 में एक संशोधन लाया गया था कि 7 वर्ष व अधिक की सजा के मामलों को छोड़कर जमानत ली जावेगी। किन्तु यह संशोधन लागू ही नहीं हुआ है।**

सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने यू.के. के Bail Act का उल्लेख करते हुये स्पष्ट किया कि Bail Act एक Comprehensive अधिनियम में इस परिस्थिति की ओर भी ध्यान दिया गया कि Under Trial Prisoners से देश के कारावास भरे हुये हैं तथा वारन्ट जारी करने संबंधित अनेक प्रकरण लम्बित हैं। जमानत के प्रार्थना पत्र पर आदेश देते समय चाहे वह सजा से पूर्व अथवा बाद का केस हो, चाहे जांच अधिकारी के अधिकारों से संबंध रखता हो अथवा कोर्ट के अधिकारों के बाबत हो, अथवा जमानत के आदेश की कण्डीशन को भंग करने बाबत हो, स्वयं में जमानत के अधिकार को इन्कार करने हेतु पर्याप्त नहीं है। जमानत किन स्थिति में ली जा सकती है, इसे अनुसूची में बताया गया है। माननीय पीठ ने उक्त बातों का विश्लेषण करते हुये कहा कि विशेष कानून जो देश में बनाया जावेगा उसमें यह सब शामिल किया जावेगा। नया स्पेशियल कानून केन्द्रीय सरकार को बनाना चाहिये क्योंकि हमारा कानून कई संशोधनों के बाद भी स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध है। अतः भारत सरकार को Bail Act नये रूप में शीघ्र लाना चाहिये और नये सुझावों को लागू करना होगा। माननीय खण्डपीठ ने न्यायाधीशों ने निम्नलिखित कुछ निर्देशों को लागू करने के सुझाव दिये हैं:–

1) भारत सरकार Special Bail Act लेकर आवेगी, ताकि देश के नागरिकों की Liberty की रक्षा की जा सके और जमानत ली जाने में जो बाधायें आती हैं और विलम्ब होता है, उससे आरोपी को मुक्ति मिल सके।

2) माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारायें 41 व 41ए की निष्ठा के साथ पालना की जावेगी साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में भी अर्नेश कुमार के केस में जो निर्देश दिये हैं उनकी पालना की जावेगी।

3) न्यायालयों को स्वयं इस बाबत सन्तोष होना चाहिये कि उन्होंने धारा 41 व 41ए Cr.P.C. की पालना की है यदि नहीं तो आरोपी को जमानत दी जानी चाहिये।

4) धारा 88, 170, 204 व 209 Cr.P.C. के प्रार्थना पत्रों की सुनवाई के समय Bail के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु Insistence नहीं करना चाहिये।

5) सिद्धार्थ के केस में सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्देश दिये हैं उनकी कठोरता से पालना की जानी चाहिये जहां पर उल्लेख किया है कि चार्जशीट दाखिल करते समय सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार करना आवश्यक नहीं है।

6) स्टेट व केन्द्रीय सरकार का कर्त्तव्य होना चाहिये कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशनों की पालना करेंगे जहां Special Courts के गठन का प्रश्न है वहां पर स्पेशियल कोर्ट के Presiding Officer की नियुक्ति शीघ्र से शीघ्र की जावेगी।

7) Under Trial Prisoners जो जमानत की कंडीशन की पालना करने में असमर्थ रहे हैं उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा चिन्हित करना चाहिये और धारा 440 Cr.P.C. के तहत् आरोपी के Release की व्यवस्था होनी चाहिये।

8) जामिनों की आवश्यकता पर Insist करते समय धारा 440 Cr.P.C. की मर्यादा की पालना ध्यान में रहे।

9) धारा 436ए Cr.P.C. के Mandatory प्रावधानों की डिस्टिक्ट लेवल व हाईकोर्ट लेवल पर पालना करना आवश्यक है।

10) जमानत के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण 2 सप्ताह में पूरा किया जावेगा अपवाद वहां होगा जहां प्रावधान में Mandate दूसरे रूप में हो।

11) स्टेट गवर्नमेन्ट तथा हाईकोर्ट्स इस बाबत शपथ पत्र या स्टेट्स रिपोर्ट 4 माह की अवधि में प्रस्तुत करेंगे।

12) जमानत व एन्टीसिपेटरी बेल के प्रार्थना पत्र के निस्तारण के हेतु समय सीमा निर्धारित हो। विलम्ब के लिये दोषी जाने पर उचित दण्ड का प्रावधान हो। समय सीमा क्या होनी चाहिये उस ओर भी इंगित किया है।

Liberty का अधिकार संवैधानिक अधिकार है, उसे युक्तियुक्त व गम्भीर परिस्थिति में ही अपवाद बनाकर जमानत ली जा सकती है। मोहम्मद जुबैर के केस में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पुनः स्पष्ट कर दिया है कि गिरफ्तारी के अधिकार का प्रयोग अत्यन्त कंजूसी के साथ होना चाहिये और साधारण (Minor) मामलों में व हेट स्पीच के मामलों में जब तक यह मानने के पर्याप्त आधार न हों कि इसके कारण पब्लिक ऑर्डर भंग होगा, तत्काल जमानत ली जावे। मानननीय कोर्ट ने यह भी इंगित कर दिया है कि पत्रकार के Tweet के अधिकार पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा सकता है। जमानत पर छोड़ा जावे अथवा नहीं इसका निर्णय चार्ज सुनाते समय पर ही होना चाहिये। इस प्रकार सीआरपीसी में संशोधन हो अथवा Bail का स्पेशियल अधिनियम बनाया जावे। नया बेल का कानून उपरोक्त परिस्थितियों की पृष्ठभूमि बनाया जावे। त्वरित न्याय मिले यह भी अनुच्छेद 21 के तहत् न्याय का सिद्धान्त है। इस हेतु जमानत के नये कानून में उचित प्रावधान होने चाहिये। केन्द्र सरकार को जो निर्देश माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिये हैं या दिये जावें राज्य की न्याय प्रिय जनता माननीय हाईकोर्ट से अपेक्षा व याचना करती है कि उक्त आदेशों की जानकारी पुलिस व Lower Courts को भेजी जावे और उनकी शीघ्रता से पालना हो ताकि लोगों को सस्ता, सुलभ व त्वरित न्याय मिल सके।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

### श्रावणी तीज के अवसर पर विशेष


# आज शहर में उछब तीज को घिर आयो छै मह

लोक कथा है कि श्रावण शुक्ला तृतीया के दिन भगवान शिव अपनी अर्द्धांगिनी पार्वती को उसके पीहर से ले जाकर तृतीया की पूजा करते है। इसीलिये सुहागन स्त्रियां इस दिन व्रत रखती है तथा तीज माता से अपने सौभाग्य की कामना करती है।

राजस्थान जैसे मरूप्रदेश में तीज के त्यौंहार का विशेष महत्व है। वर्षा हो जाने पर ग्राम वधुएं और बालाएं हंसती, गाती, इठलाती और ठिठोली करती झूला झूलती है और आपस में एक दूसरे के प्रियतम का नाम पूछती है। न बताने व आनाकानी करने पर हरे पेड़ की डाली से मीठी मार भी पड़ती है, जिससे वरांगना को सहेलियों का आग्रह मानना ही पड़ता है। ऐसे सुहावने मौसम में जिनके प्रियतम घर से दूर हो तो उनकी याद आना स्वाभाविक है–

**''सावन रिम झिम रिम झिम बरसे रे।**
**सासूजी रा जाया थारी ओल्यूं आवेरे।।''**

राजस्थान के योद्धा, व्यापारी और श्रमिक प्रायः अपने घर व प्रदेश से दूर भी जाते रहें है। श्रावण मास में अथवा तीज के त्यौहार पर उनके घर आने की प्रतीक्षा रहती है। ऐसे मौसम में जब बादल गर्ज रहे हो, बिजली चमक रही हो और रिम झिम फुहारें पड़ रही हो तो विरहणी की दशा का वर्णन करना कठिन



देवीसिंह नरूका

है। तीव्र गति से चमकती बिजली पर तो उसे विश्वास नहीं है कि वह उस पर दया करेगी किन्तु बादलों से निवेदन करती है कि वह तो इतनी जोर से गर्जन कर उसे नहीं डरायें–

**''बीजलियां निलज्जियां, जलधर तूंही लज्ज।**
**सूनी सेज विदेश पिय, मधुरई मधुरई गज्ज।।''**

राजस्थानी काव्य 'ढोला मारू' की नायिका मारू अथवा मरवण तो कहती है कि यदि कज्जली तीज के अवसर पर उसके ढोला! (पति) नहीं आये तो वह चमकती हुई बिजली के डर से ही मर जायेगी –

**''जई तूं ढोला न आवियउं, काजलिया री तीज।**
**चमक मरेसी मारवी, देख खिवंता बीज।।''**

सावन के सुरंगे मौसम में प्रेयसी प्रियतम से अनुरोध करती हैं कि इस ऋतु में वह परदेश नहीं जावे किन्तु महलों में ही रहकर विश्राम करें –

**''साइणा सुजान ढोला म्हांके म्हेलां आवोसा,**
**बरखा लूमै छै झरोखां रम जावोसा,**
**इण ऋतु मं परदेसां मत जाओसा,**
**गुणरा निधान ढोला, म्हांके म्हेलां आओसा।।''**

सावन में वर्षा से पूरा वातावरण तो हरा हो गया किन्तु प्रियतम के बिना प्रिय का मन हरा नहीं हुआ –

**''सावन आयो सायाबा हरिया हो गया बन्न।**
**हरियो हुयो न एकलो प्यारी धण रो मन्न।।''**

सावन के सुहावने मौसम में प्रियतमा प्रिय से अनुरोध करती है कि वे अच्छे रंग की पाग व साफा बांधकर बिराजें और घोड़ो को हरा चारा चरने दे जिससे वह भी तगड़े हो जावें–

**''सावन आयो सायबा जी कोई बांधो पाग सुरंग।**
**घर बैठ्यां खुशियां करो जी कोई हरिया चरै तुरंग।।''**

मेघ गर्जन कर रहे है, बिजलियां चमक रही है और वर्षा का पानी परनालों से बह रहा है, परनालों का पानी जब गढ़ की दीवार पर पड़ता है तो महल में सोई हुई विरहणी चौंक कर बार-बार यह समझकर उठ जाती है कि शायद यह उसके प्रिय के आने की पदचाप है–

**"परनाला पाणी पड़े, भीजे गढ़ की भींत।**
**सूती मरवण ओझके मारू आया चीत।।"**

ऐसे वर्षा काल में जब पूरा वातावरण ही सुखमय हो गया है तब प्रिय के प्रेम की फुहारों से प्रिया का तन-मन भी विभोर हो गया है–

**''बूंदी चमके बिजली, कोटे बरसै मेह।**
**छांटा लागै प्रेमका, भीजे सारी देह।।''**

वर्षा काल में जब तीज का त्यौहार आ गया है और लोग उत्सव मना रहे है तब प्रेयसी असमंजस में है कि यदि प्रिय से मिलने जाती है तो वर्षा से उसकी खूबसूरत चूंदड़ी भीग जायेगी और यदि नहीं जाती है तो प्रेम में दरार पड़ जावेगी–

**''आज शहर में उछब तीजको, झुक आयो छै मेह।**
**जाऊं तो भीजै म्हारी सुरंग चूंदड़ी, रहूं छूं तो टूटे छै सनेह।''**

चाहे कोई वार हो या त्यौहार हो अथवा कैसा भी मौसम हो जब कर्त्तव्यपरायण व्यक्ति को अपने काम पर निर्धारित अवधि के बाद जाना हो तो कोई बंधन आड़े नहीं आते–

**''सज्जन सिपाही हे सखी, कदे न पाले नेह।**
**रात बसै दिन उठ चले, आंधी गिणै न मेह।।''**

किन्तु वर्ष काल में विरहणी अपनी व्यथा कैसे समझाये, वह तो अनुनय विनय करती है कि या तो उसे साथ ले जायें और यह संभव न हो तो उसे काटकर दो टुकड़े कर दें–

**''साजन चाल्या चाकरी, कांधे धरी बंदूक।**
**कै तो सागे ले चलौ कै कर दो दो टूक।।''**

सावन के मौसम में जब सब झूला झूलते हुए मौज मस्ती मना रहे है। तो आराध्यदेव भगवान श्रीकृष्ण को भी इससे वंचित क्यों रखा जावे। राजस्थानी लोकगीतों में झूलोत्सव के भी अनेक गीत हैं जो इन उत्सवों में और मंदिरों में गाये जाते है।

**''रेशम की डोर जड़ाव की पाटी जी।**
**झूलो डार्यो कदम की डार आवों झूलों नंदलाल।**
**कुंज हिंडोरे झूलण पधारों स्वामी श्री गोपाल।।''**

**देवीसिंह नरूका,**
**वरिष्ठ लेखक व पत्रकार**

# जिला अस्पताल की एएनएम की सेवाओं को प्रधानमंत्री ने सराहा

**हिण्डौन सिटी,**(का.सं.)। स्थानीय जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु ईकाई में कार्यरत एएनएम (ऑग्जिलरी नर्स मिडवाइफरी) रीना चौधरी की सेवाओं की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना की है।

एएनएम रीना चौधरी ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रेषित एक पत्र मिला है, जिसमें कोरोना काल में आमजन को दी गई उनकी सेवाओं की सराहना की गई है। एएनएम रीना

> ■ **कोरोना काल में आमजन को दी गई उनकी सेवाओं की सराहना की**

चौधरी ने कोराना काल में कोविड टीकाकरण का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रीना चौधरी को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि उनकी सक्रिय



रीना चौधरी

भागीदारी से भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एएनएम रीना चौधरी और उनके परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# नगरपालिका की टीम को देखकर पॉलिथीन विक्रेता भागा

**खैरथल,** (निसं)। प्रतिबन्धित सिंगल यूज़ पॉलीथिन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गुरूवार को एक ही दुकानदार के यहां से 155 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि गुरूवार की सुबह नगरपालिका की टीम पॉलीथिन के खिलाफ कार्यवाई करने मेन मार्केट में

> ■ **प्रसाशन ने एक दुकान से डेढ क्विंटल थैली जब्त की**

लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास पहुंची जहां एक थोक दुकानदार पॉलिथीन बेचते हुए मिला।

टीम ने जैसे ही कार्रवाई करनी चाही दुकानदार ताला लगाकर भाग छूटा। जिस पर नगरपालिका द्वारा पुलिस बल बुलाकर दुकान को सीज कर दिया। उसके बाद राजस्थान प्रदूषण मंडल अलवर को कार्यवाही के लिए सूचित



दुकान पर पॉलिथिन बरामदगी की कार्रवाई करते अधिकारी

किया। शाम को प्रदूषण मंडल के अधिकारी यशपाल मीणा की अगुवाई में दुकानदार रामकिशन खण्डेलवाल की दुकान की सील तोड़कर 155 किलो पॉलीथिन जप्त की गई। इस मामले में आगे की कार्यवाइ के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा गया है। इस दौरान भारी मात्रा में तमाशबीन एकत्रित हो गए। कार्यवाई में टीम प्रभारी सुबेसिंह यादव, भवानी सिंह, तरूण कुमार चौधरी आदि नगरपालिका टीम के कर्मचारी शामिल रहे। कार्यवाही की जानकारी मिलने पर सभी बाजारों में दुकानदारों ने पॉलीथिन की थैलियों सहित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के डिस्पोजल आदि को छुपाना शुरू कर दिया जबकि विक्रेता दुकानों को बन्द कर ईधर –उधर हो गये।

# हाउसिंग बोर्ड की लापरवाही से स्कूल बना तालाब

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के शाहपुरा का कुंडगेट सिनीयर स्कूल परिसर गुरूवार को तलैया बन गया। स्कूल के पिछवाडे में बन रही कॉलोनी में हाउंसिंग बोर्ड प्रशासन की लापरवाही के चलते ऐसे हुआ है। प्रधानाध्यापक देबीलाल बैरवा का आरोप है कि हाउंसिग बोर्ड अधिकारियों ने स्कूल परिसर से निकलने वाले बारिश के पानी के रास्ते को बाधित कर रोड का निर्माण कर लिया है जिससे अब पानी की निकासी अवरूद्ध हो गयी है।

परिसर में पानी भरा रहने से पिछले कई बरसों से हरित पाठशाला

> ■ **हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों ने स्कूल परिसर से निकलने वाले बारिश के पानी का रास्ता रोका**

अभियान के तहत लगाये गये सैकड़ों औषधीय पौधों को नुकसान पहुंच रहा है। कुंडगेट स्कूल के



शाहपुरा का कुंडगेट सिनीयर स्कूल जिसके परिसर में पानी भरा है।

प्रधानाध्यापक देबीलाल बैरवा ने बताया कि हाउंसिग बोर्ड अधिकारियों को पूर्व में ही इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी जानबूझ कर पानी की निकासी को रोक वहां से रोड निकाल दिया। पानी की निकासी के लिए पूर्व में पाइप रखने का आश्वासन दिया गया पर जानबूझ कर वैसा नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि यहां पर पिछले पांच सात वर्षो में हरित पाठशाला अभियान के तहत नोडल स्कूल होने से शहर के भामाशाहों के सहयोग से यहां पर हर्बल वाटिका तैयार करायी गयी पर हाउंसिग बोर्ड अधिकारियों ने लापरवाही से उस पर पानी फेर दिया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि अब भी समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्कूल विद्यार्थी व शहरवासी मिलकर हाउंसिग बोर्ड अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करेगें। उन्होंने बताया कि इस समस्या से शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा स्थानी उपखंड प्रशासन व जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

## राशिफल शुक्रवार 22 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा


सावन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, भरणी नक्षत्र सांय 4:25 तक, शूल योग दिन 12:30 तक, गर करण दिन 9:33 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:02 से वृष राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मेष, बुध–कर्क, गुरू–मीन, शुक्र–मिथुन, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज भद्रा रात्रि 10:30 से दिन 11:28 तक रहेगी। सायन सिंह में सूर्य प्रवेश रात्रि 1:37 पर होगा। महापात योग रात्रि 1:50 से आरम्भ होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:31 तक, लाभ–अमृत 7:31 से 10:52 तक, शुभ 12:33 से 2:14 तक, चर 5:36 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:50, सूर्यास्त 7:17


### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### वृष

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मित्रों/रिश्तेदारों से वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।


### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।


### कर्क

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों का शीघ्र क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।


### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति एवं आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा। यात्रा में दुर्घटना का भय है।


### तुला

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

### धनु

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मकर

घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी और व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक पर फेंका तेजाब

## मौके पर सीकर से डॉग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम जयरामपुरा के पुजारी का बास में गुरुवार को अल सुबह सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार थाना इलाके के पुजारी का बास जयरामपुरा निवासी विकास शर्मा पुत्र दीपचंद शर्मा जो अल सुबह घर से साइकिल लेकर सेना भर्ती की तैयारी करने के लिए निकला था कि घर से महज कुछ ही दूरी पर निकलने के बाद सड़क से कुछ दूरी पहले कोई अंजान व्यक्ति अंधेरे में काले रंग के कपड़े पहनकर खड़ा था जो उसे साफ दिखाई नहीं दिया जैसे ही वह उसके पास से निकला तो उस व्यक्ति ने उस पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब फेंकने के बाद पीड़ित विकास कुछ समझ नहीं पाया और वह समझा के पीछे से किसी ने गर्म पानी फेंका है, लेकिन उसे जलन होने लगी तो वह दौड़ कर साइकिल को वहीं नीचे डालकर चिल्लाता हुआ घर पहुंचा तो लाइट में उन्होंने देखा कि उसके सारे कपड़े जले हुए थे और वह पीछे से जल चुका था। परिवार वाले आनन-फानन में गाड़ी लेकर श्रीमाधोपुर निजी अस्पताल में पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जयपुर रैफर कर दिया गया है।



तेजाब से जली युवक की पीठ।

मामले की सूचना के बाद निजी अस्पताल पुलिस भी पहुंची और युवक के पर्चा बयान लेकर मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल बदमाशों का कोई पता नहीं लग पाया है। युवक शुक्रवार को बीएसएफ में जैसलमेर दौड़ करने के लिए भी जाने वाला था।

- निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जयपुर रैफर किया
- गांव जयरामपुरा के पुजारी का बास की घटना

तेजाब फेंककर युवक के हमले की सूचना के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई और पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का जायजा लिया। रींगस डिप्टी सुरेंद्र कुमार तथा थाना अधिकारी करण सिंह खंगारोत मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौके से साक्ष्य भी उठाए वही मौके पर सीकर से डॉग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई फिलहाल पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है जो अलग-अलग जगह पर दबिश भी दी है। फिलहाल परिजनों की ओर से पुलिस थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है।

## दुष्कर्म के आरोपी को जेल भिजवाया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। थाना इलाके पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है। श्रीमाधोपुर निवासी एक पीड़िता ने पुलिस थाने में दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने का मामला दर्ज करवाया था जिसमें श्रीमाधोपुर रेगर मोहल्ला निवासी रोशन लाल परसोया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए।

थाना अधिकारी के अनुसार पीड़िता के साथ आरोपी ने 3 से 4 साल से लगातार दुष्कर्म कर उसके अश्लील वीडियो बना लिए थे जिसके बाद उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए रखने का जरिया बना लिया था। 2 माह पूर्व पीड़िता की सगाई होने पर आरोपी ने पीड़िता के ससुराल के नंबर कहीं से लेकर अश्लील वीडियो भेज दिए जिसके बाद युवती की सगाई भी टूट गई।

# सरस डेयरी में 9 हजार लीटर दूध से भरा टैंकर मिलावटी निकला

**अलवर,** (निसं)। अलवर सरस डेयरी में रात 3 बजे 9 हजार लीटर दूध से भरा टैंकर मिलावटी निकला। पूरा दूध गुरुवार सुबह नाले में फिंकवा दिया गया। 4 दिन पहले 54 सौ लीटर दूध इसी तरह नष्ट कराया था। यह टैंकर बहरोड से आया था। जिसमें 35 सौ लीटर दूध बगवाडी सोसायटी का था। जिसमें मिलावट की गई थी। बाकी दूध शुद्ध था। लेकिन, पूरा दूध नष्ट करना पडा। 4 दिन में करीब 14 हजार 400 लीटर दूध नष्ट कराया गया है। डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर का कहना है कि सरस के दूध में मिलावट नहीं होने दूंगा। चाहे पद ही छोडना पड जाए।

सरस डेयरी के एमडी ने बताया कि वैसे तो हर जगह के दूध की रोजाना जांच होती है। जहां से मिलावट होने का संदेह होता है उसकी विजिलेंस जांच करती है। जिस दिन दूध में मिलावट की गुंजाइश मिलती है उस दिन अधिक सतर्कता बरती जाती है। बगवाडी से नियमित रूप से आने वाला दूध अचानक बढ गया था। जांच करने पर दूध का सैंपल फेल हो गया। मिलावट के कारण ही दूध का सैंपल फेल हो सकता है। अभी सोसायटी को दूध में मिलावट होने को लेकर पूरी तरह संतुष्ट किया जाएगा।

- सारा दूध नाली में फेंका, 5 दिन में 14,500 लीटर दूध मिलावटी मिला

डेयरी के अधिकारियों का कहना है कि अभी दूध में मिलावट पकडी है। इसकी पूरी जांच होगी। इसके बाद सोसायटी को भी मिलावट होने के सबूत दिए जाएंगे। तब आगे सोसायटी को बंद किया जा सकता है। इसके अलावा जुर्माना भी लग सकता है।

चेयरमैन विश्राम गुर्जर ने बताया कि उसके आने के बाद दूध खरीद के दाम 5 रुपए प्रति लीटर बढाए गए। जिससे पशुपालकों को फायदा हुआ है। उसके बाद डेयरी में 1 लाख लीटर दूध रोज आने लगा है। अलवर सरस के दूध की साख है। जो दिल्ली, हरियाणा, भिवाडी तक जाता है। हम दूध में मिलावट नहीं होने देंगे। जिसके लिए विजिलेंस लगा दी है। रोजाना हर जगह के दूध के सैंपल की जांच होती है।

# भाजपा नेताओं व पुलिस दल के बीच भतरतपुर कलेक्ट्रेट पर हुई धक्कामुक्की



एडीएम को ज्ञापन देने के दौरान भाजपाइयों की पुलिस से धक्कामुक्की हो गई।

**भरतपुर,** (निसं)। अवैध खनन के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे साधु संतों में से बाबा विजयदास द्वारा आत्मदाह के प्रयास के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर रघुनाथ को राज्यपाल के नाम को ज्ञापन सौंपा। हालांकि ज्ञापन देते जाते समय पुलिस दल व भाजपा नेताओं के बीच तनातनी भी देखने को मिली । पुलिस ने भाजपा नेताओं को अधिक संख्या में अंदर जाने से रोका। इस दौरान पुलिस व भाजपा नेताओं के बीच धक्कामुक्की हुई।

जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, समस्त मोर्चों के जिला अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस्तीफे की मांग की। आदि बद्री, कनकाँचल एवं ब्रज के धार्मिक और ऐतिहासिक पर्वतों के संरक्षण को लेकर संत समाज द्वारा पिछले 551 दिन से लगातार किये जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान गहलोत सरकार की कार्यशैली से निराश होकर बाबा विजयदास द्वारा आत्मदाह के प्रयास के बाद भारतीय जनता पार्टी, भरतपुर द्वारा जिले के अलग-अलग भागों में विरोध प्रदर्शन किया । प्रदर्शन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवानी दायमा, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र गोयल, गिरधारी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, अभयवीर सोलंकी, जिला महामंत्री नरेश जाटव, जिला मंत्री कालीचरण, मुकेश सिंघल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हंसिका गुर्जर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ ताखा, मोहन रारह, दुर्गेश बूटोलिया, तेजवीर मीना, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्र जघीना, कपिल फ़ौजदार, सुंदर सिंह, मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंघल व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

- संत के आत्मदाह करने के प्रयास का विरोध

## सीए इंटरमीडिएट का परिणाम जारी

**कोटा,** (निसं)। सीए फाइनल का रिजल्ट जारी होने के बाद इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार को सीए इंटरमीडिएट यानी आईपीसीसी मई 2022 का रिजल्ट जारी कर दिया है, जिसमें ऑल ओवर इंडिया बोथ ग्रुप का 5.46 फीसदी रिजल्ट रहा।

सीए इंटरमीडिएट के प्रथम ग्रुप में 13.30 फीसदी एवं द्वितीय ग्रुप में 12.45 फ़ीसदी स्टूडेंट पास हुए। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए शशांक गर्ग एवं सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि सीए इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कोटा के शिवम नंदकिशोर बंसल ने सर्वाधिक 513 नंबर प्राप्त किए। कोटा से परीक्षा में बोथ ग्रुप के लिये कुल 83 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिसमें से चार स्टूडेंट बोथ ग्रुप में पास हुए तथा प्रथम ग्रुप में 16 स्टूडेंट्स पास हुए। कुल 165 बच्चों ने केवल फर्स्ट ग्रुप की परीक्षा दी थी, जिसमें से 29 बच्चे पास हुए तथा कुल 182 बच्चों ने केवल सेकंड ग्रुप की परीक्षा दी थी, जिसमें से 37 बच्चे पास हुए हैं। कोटा से कुल 430 स्टूडेंट ने परीक्षा दी थी, जिसमें से कुल 86 बच्चे पास हुए हैं। पास प्रतिशत 20 फ़ीसदी ओवरऑल रहा है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही कोटा के सीए स्टूडेंट्स में खुशी की लहर है। सीए स्टूडेंट्स ने एक दूसरे का मीठा मुंह करवा कर रिजल्ट की खुशियां मनाई एवं स्टूडेंट्स के माता-पिता ने भी खुशी जाहिर की है। इंटरमीडिएट परीक्षा में कोटा से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिवम नंदकिशोर बंसल ने बताया कि छात्र यदि सीए बनना चाहते हैं तो वह सीए बनने का सपना देखें और अपने सपने को साकार करने की कोशिश करें।

# दो गैंग के बीच फायरिंग, गाड़ियां तोड़ी



दो गैंगों की झड़प के दौरान क्षतिग्रस्त हुई कार।

**चिड़ावा** (निस)। क्षेत्र में दो गैंग के बीच एक बार फिर गैंगवार शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिस्ट्रीशीटर राजपुरा के राकेश उर्फ़ हन्नी की गैंग घरड़ाना के जयवीर की गैंग से बदला लेने के लिए उसकी गैंग की दो गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद अब जयवीर की गैंग ने भी बदला लेते हुए हन्नी गैंग की गाड़ी पर फायरिंग की और फिर हमला कर गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों गैंग लम्बे समय से एक - दूसरे के खिलाफ सक्रिय है।

दोनों ने ही गाड़ियों में तोड़फोड़ के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वीडियो में गाड़ियों से तोड़फोड़ करते युवक नजर आ रहे है। बामनवास में तोड़फोड़ व फायरिंग की सूचना मिलने पर चिड़ावा पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपी एक गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। बामनवास की वारदात को लेकर देर रात्रि चिड़ावा थाने में मामला दर्ज हुआ है। इस संदर्भ में नाथपुरा (मलसीसर) निवासी सचिन ने रिपोर्ट दी है कि बामनवास निवासी रविंद्र के साथ वह बामनवास मेन शराब के ठेके पर रहता है। इसी दौरान दो कैम्पर गाड़ियों में घरड़ाना का जयवीर व अन्य युवक ठेके पर पहुंचे। उनको देखकर सचिन और रविंद्र का भाई सवाई सिंह दुकान के पीछे भाग गए। जयवीर और उसके साथी सचिन की गाडी को कुछ दूर ले गए और गाड़ियों की टक्कर मारकर और लाठी - डंडों से गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी भी कराई।

- राकेश उर्फ़ हन्नी और जयवीर की गैंग ने बदला लेने के लिए गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की
- थाने तक पहुंचा मामला पुलिस जांच में जुटी

## कृषि अनुसंधान अधिकारी परीक्षा 27 अगस्त से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा 2022 का आयोजन 27 अगस्त से 30 अगस्त 2022 तक किया जाएगा। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार अजमेर जिल ा मुख्याल य पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी के पदों के लिए विषयानुसार एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, एग्रोनॉमी, एवं प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा 27 अगस्त 2022 को सुबह 10 से 12.30 बजे तक एवं हॉर्टिकल्चर तथा बॉटनी की परीक्षा दोपहर 2 से 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। एंटोमोलॉजी विषय की परीक्षा का आयोजन 28 अगस्त 2022 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक किया जाएगा। कृषि अनुसंधान अधिकारी के पदों के लिए विषयानुसार एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, एग्रोनॉमी एवं प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा का आयोजन 29 अगस्त 2022 को सुबह 10 से 12.30 बजे तक एवं हॉर्टिकल्चर विषय की परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 से 4.30 बजे तक किया जाएगा। एंटोमोलॉजी विषय की परीक्षा 30 अगस्त 2022 को सुबह 10 से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## चेक अनादरण के आरोपी को सजा

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। स्थानीय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप सैनी ने गुरुवार को सुनाए गए अपने एक निर्णय में चेक अनादरण के एक आरोपी को एक वर्ष के कारावास से दंडित किया है तथा चेक राशि के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए भुगतान के आदेश दिए हैं।

प्रकरण के अनुसार परिवादी रोहिताश गुर्जर पुत्र मालीराम निवासी नालोट ने आरोपी चंद्रभान सेन पुत्र नाथूराम निवासी नालोट को 6 लाख रुपए दिनांक 22 जून 2018 को उधार दिए थे , जिसके भुगतान के एवज में आरोपी ने परिवादी को 15 जुलाई 2018 को देय 3-3 लाख रुपए की राशि के दो चैक आईसीआईसीआई बैंक शाखा श्रीमाधोपुर के दिए थे । परिवादी रोहिताश ने इन चैको को 24 अगस्त 2018 एवं 12 सितंबर 2018 को बैंक में लगाया लेकिन वे दोनों चैक बाउंस हो गए। इस पर अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी चंद्रभान को 24 सितंबर 2018 को लीगल नोटिस भिजवाया। इस पर भी आरोपी ने राशि का भुगतान नहीं किया तो आरोपी के खिलाफ 26 अक्टूबर 2018 को न्यायालय में परिवाद दर्ज करवाया।

# जमीन के लालच में भाईयों ने बहन का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवाया

**भीलवाडा,** (निसं)। जमीन जायदाद के लालच में अपने ही परिवार के सदस्यों ने ना केवल महिला का डेथ सर्टिफिकेट बनवा लिया बल्कि उसके हिस्से की जमीन भी हथिया ली। जब पीड़ित महिला को इसकी जानकारी मिली तो वह जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के समक्ष पेश हुई और अपनी दास्तान कलेक्टर को सुनाई।

जिला कलेक्टर से शिकायत करने पहुंची पुर निवासी नर्बदा देवी टेलर ने बताया कि उसके पिता ने दो शादियां की जिनसे उनके 6 संतानें हुई। दूसरी पत्नी की वह इकलौती संतान है। उसके दादा व पिता की सदर बाजार में दो दुकान व दो मकान सहित 4 बीघा खेत था। पहली पत्नी की पांचों संतानों ने आपस में मिलकर वर्ष 2008 में उसका डेथ सर्टिफिकेट बनवा लिया और उसके हिस्से की प्रॉपर्टी को हड़प कर गए। न्याय के लिए दर -दर भटक रही पीड़िता जब गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर आशीष मोदी के समक्ष पेश हुई तो उन्होंने तत्काल एक्शन लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। कलेक्टर के आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन जागा और रिकॉर्ड खंगालना शुरू किया। चंद घंटों में ही दस्तावेजों की जांच के बाद यह साफ हो गया की परिषद द्वारा 2008 में जारी किया गया यह सार्टिफिकेट फर्जी है। कूटरचित दस्तावेजों के जरिए परिवार के किसी सदस्य ने इस महिला और इनके पति के समान नाम की दूसरी महिला का डेथ सर्टिफिकेट बनवा जमीन हड़पने की नियत से यह फ्रॉड किया । कलेक्टर मोदी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर मामले की गहनता से जांच के निर्देश दिए हैं ।



फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र दिखाती बहन।

- बहन के हिस्से की जमीन भी हथिया ली, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश
- दस्तावेजों की जांच के बाद यह साफ हो गया की परिषद द्वारा 2008 में जारी किया गया डैथ सार्टिफिकेट फर्जी है

## संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। एसीबी टीम टोंक ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वत प्रकरण में 2 वर्षों से फरार चल रहे सहायक महानिदेशक के सहयोगी को गुरुवार को गिरफ्तार किया। मामला यह सामने आया कि सहायक महानिदेशक पंकज गोयल यूआईडीएआई दिल्ली के सहयोगी हेमराज तंवर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक की सक्रियता से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व में 20. अक्टूबर.2020 को कोटा एसीबी टीम 1,00,000 रुपये लेते हुये को रंगे हाथों पंकज गोयल को गिरफ़्तार किया था ।

# धामनिया खाप पंचायत के ख़िलाफ एससी, एसटी एक्ट में मामला दर्ज

**मांडलगढ** , (निसं)। मांडलगढ उपखण्ड के धामनिया गांव में गत दिनों एक दलित परिवार के खिलाफ ग्रामीणों की खाप ने तुगलकी फरमान दे कर गांव से बहिष्कार किया था। इस मामले में दलित परिवार की पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने एससी, एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। इसको लेकर खाप पंचायत के पंचों में खलबली मच गई है।

मांडलगढ उपखंड के धामनिया गांव में ग्रामीणों की एक खाप पंचायत ने फरमान की अवहेलना करने पर 11 हजार रुपए का जुर्माना का नियम लागू किया था। ग्रामीणों ने दलित परिवार को गांव से बहिष्कृत कर उसका हुक्का पानी एवं राशन तक बंद कर दिया। ऐसे में पीड़ित परिवार ने पुलिस ओर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। उक्त मामला सामने आने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी धामनिया पहुंचे। इस दौरान खाप पंचायत द्वारा लिए गए फैसले का एक दस्तावेज प्रशासन के हाथ लगा है। पीड़ित महिला ने 16 जुलाई को मांडलगढ उपखण्ड अधिकारी नेहा छीपा ओर पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह को रिपोर्ट देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

मामले को उच्चाधिकारियों ने गम्भीरता से लेते हुए काछोला थानाधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। काछोला थानाधिकारी दिलीप सिंह ने पीड़ित कौशल्या देवी की रिपोर्ट पर एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# उधार के रुपयों को लेकर दबाव बनाने पर आत्महत्या की

## सुसाइड नोट में रूपयों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों के नाम लिखे हुए थे

**निवाई,** (निसं)। गांव महाराजपुरा में एक व्यक्ति ने गले में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस को मौके से मृतक का सुसाईड नोट मिला है। घटना स्थल पर एसपी पहुंचे उन्होंने मौके पर एमओबी व एफएसएल टीम को बुलवाया।

सुसाईड नोट में रूपयों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों के नाम लिखे हुए थे। परिवारजनों ने शव का पोस्टमार्टम करने से पूर्व आरोपियों को गिरफ्तार करने व मुआवजा दिलवाने की मांग की। करीब 5 बजे पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने पर सहमत हो गए। थानाधिकारी के अनुसार उस समय घर पर मृतक व उसकी 10 वर्षीय दोहिती ही थी। आत्महत्या करने से पूर्व मृतक ने दोहिती से पैन मांगा था। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के पुत्र महेन्द्र जागा ने नामजद मामला दर्ज करवाया है कि मृतक द्वारा उधार ली गई राशि मय ब्याज के चुका देने के बाद भी आरोपियों ने मकान के कागजात, हस्ताक्षरयुक्त चैक, स्टाम्प सहित अन्य कागजात नहीं लौटाए।



आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण व परिजन।

# रीट-2022 के परिक्षार्थियों के लिए स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन चलाई

- कोटा-आगरा कैन्ट-कोटा व ग्वालियर-ढेहर का बालाजी के बीच चलाई ट्रेन

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2022 के परिक्षार्थियो की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 04195/04196 कोटा-आगरा कैन्ट-कोटा और गाड़ी संख्या 04197/04198 ग्वालियर-ढ ेहर का बालाजी-ग्वालियर के मध्य अनारक्षित सुपरफास्ट परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 04195 आगरा कैन्ट-कोटा परीक्षा स्पेशल 22 जुलाई शुक्रवार को आगरा कैन्ट से 22.30 बजे प्रस्थान कर फतेहपुर सीकरी, बयाना, हिंडौन सिटी, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, इन्दरगढ़ , लाखेरी होते हुए कोटा अगले दिन सुबह 04.30 बजे कोटा आएगी। गाड़ी संख्या 04196 कोटा से 23 जुलाई शनिवार 18.45 बजे प्रस्थान कर लाखेरी, इन्दरगढ़ , सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी होते हुए 00.30 बजे आगरा कैन्ट पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04197 ग्वालियर-ढ ेहर का बालाजी 22 जुलाई शुक्रवार को 21.25 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर मुरैना, धौलपुर, आगरा कैन्ट, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, दौसा,गेटोर जगतपुरा, गांधीनगर जयपुर, जयपुर होते हुए सुबह 04.25 बजे ढ ेहर का बालाजी पहुंचेगी। जिसका कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन पर आगमन समय 23.53 बजे होगा।

गाड़ी संख्या 04198 ढ ेहर का बालाजी-ग्वालियर 23 जुलाई शनिवार 20.10 बजे ढ ेहर का बालाजी से प्रस्थान कर जयपुर, गांधीनगर जयपुर, गेटोर जगतपुरा, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा कैन्ट, धौलपुर, मुरैना होते हुए ग्वालियर पहुंचेगी। जिसका कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन पर आगमन समय 00.43 बजे होगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यह निर्णय परिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस संबंध में सर्व संबंधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन,पूछताछ नं 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# करधनी थाने में पार्षदों और एसएचओ के बीच धक्का-मुक्की

## सफाई ठेकेदार द्वारा वार्ड 47 में नये कचरा डिपो बनाने और मारपीट का परिवाद लेकर पहुंचे थे पार्षद विकास बारेठ व समर्थक

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के करधनी थाने में गुरुवार दोपहर पार्षदों और थाना इंचार्ज के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। पार्षदों का आरोप है कि सफाई ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के बजाय थाना इंचार्ज बनवारी लाल मीणा ने 10 से ज्यादा पार्षदों को धक्के देकर थाना परिसर से बाहर निकाल दिया।

उधर थानाधिकारी बनवारीलाल का कहना है कि पार्षद और उनके समर्थक थाने का गेट रोककर बैठ गये थे, मैं बाहर से वापस थाने लौटा तो करीब 50 से ज्यादा लोग थाने का गेट रोककर बैठे थे। मैंने सभी लोगों से ऑफिस में बैठकर परिवाद देने का आग्रह किया था। इस पर वे नाराज हो गए और पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। इसके बावजूद हमने समझाइश कर मामला शांत कराया है। सफाई ठेकेदार और पार्षद विकास बारेठ के बीच पिछले 2 दिन से 206 बीघा जमीन पर कचरा डिपो बनाने को लेकर तनातनी चल रही थी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना भी हुई थी। उधर थाने में पुलिसकर्मियों और पार्षदों के झगड़े की सूचना पाकर डिप्टी एसपी ने मौके पर पहुंचकर पार्षदों से समझाइश की और मामला शांत कराया। हालांकि बाद में विकास बारेठ ने सफाई ठेकेदार और उसके लोगों से खुद व परिवार की जान को खतरा बताते हुए थाने में परिवाद दिया है। जिसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



करधनी थाने के गेट पर पार्षद विकास बारेठ और उनके समर्थकों ने धरना देकर विरोध जताया।

- **थाने के गेट पर धरना दे रहे पार्षदों को थाना इंचार्ज बनवारीलाल ने टोका तो दोनों पक्षों में तनातनी हो गई और नौबत हाथापाई तक जा पहुंची**
- **सफाई ठेकेदार और पार्षद विकास बारेठ के बीच पिछले 2 दिन से 206 बीघा जमीन पर कचरा डिपो बनाने को लेकर तनातनी थी, दोनों पक्षों में मारपीट तक हुई थी : बनवारीलाल**

ग्रेटर निगम के वार्ड 47 के पार्षद विकास बारेठ ने बताया कि कुछ दिन पहले एक नये ठेकेदार ने सफाई का ठेका लिया। उस ठेकेदार ने वार्ड में नये कचरा डिपो बनाने शुरू कर दिए। इसका जब मैंने विरोध किया तो उसने मुझे धमकाया। अगले दिन 8-10 लोगों के जरिए मुझे धमकी दिलाई। इस पर मैंने करधनी थाने में फोन कर शिकायत दी तो मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। गुरुवार दोपहर को जब मेरे एक प्रतिनिधि को मैंने शिकायत दर्ज करवाने थाने भेजा तो मुझे पता चला जो लोग मुझे धमकाने आए थे। वह थाने में बैठे है और मेरे खिलाफ झूठा मारपीट का मुकदमा दर्ज करवा रहे है। प्रदर्शन में मौजूद वार्ड 42 पार्षद वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पार्षद विकास बारेठ के कहने पर जब हम थाने पहुंचे तो वहां हमारी किसी पुलिसकर्मी ने सुनवाई नहीं की। करीब एक घंटे तक हम थाने के बाहर बैठे रहे। तभी थाना इंचार्ज बनवारी लाल आए और वे भी हमारी बात और शिकायत सुनने के बजाए हम पर ही चिल्लाने लगे और हमें थाने से धक्का देकर भगाने लगे। थाना इंचार्ज ने हमारे साथ बैठे बुजुर्ग पार्षद सुमेर सिंह जोधा का कॉलर पकड़कर उन्हें धक्का दिया। इस पर दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई। इस बीच थाने के दूसरे स्टाफ ने बीच-बचाव भी किया, लेकिन इंचार्ज ने किसी की नहीं सुनी। बाद में मामला बढ़ता देखकर डीवाई एसपी मौके पर पहुंचे और समझाइश कर मामला शांत कराया।

# बहू पर अपने पति का गला घोंटकर मारने का आरोप

- **वृद्धा ने सांगानेर थाने में दर्ज कराया हत्या का मुकदमा**
- **पीड़िता का आरोप है कि प्रेमी से फोन पर कई घंटों तक बातें करती थी बहू, पति की मौत को सुसाइड बताकर पीहर दिल्ली चली गई**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर इलाके में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। दिन में झगड़े के बाद रात को गला घोंटकर मार दिया। पति के सुसाइड करने की बताकर बेटे को लेकर अपने पीहर चली गई। सांगानेर थाने में मृतक की मां ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि तिरुपति बालाजी नगर सेक्टर-40 सांगानेर निवासी रुपा देवी (62) ने इस्तगासा के जरिए मामला दर्ज कराया है। मंगोलपुरी नई दिल्ली की रहने वाली अपनी बहू सुनीता पर प्रेमी के साथ मिलकर बेटे अशोक की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक अशोक (34) तिरुपति नगर में पत्नी सुनीता और बेटे समीर और अमित के साथ रहता था। वह प्राइवेट टैक्सी कार चलाता था। 2 मई 2022 की रात करीब 10:30 बजे बेटे अशोक के फंदा लगाकर सुसाइड करने की सूचना दी गई थी। टोंक से जयपुर आकर रुपा देवी और परिवार ने बेटे के शव को संभाला। पत्नी सुनीता अपने बेटे अमित को लेकर दाह संस्कार से पहले ही अपने पीहर दिल्ली चली गई। शक होने पर बहू के बारे में जानकारी की।

पता चला कि दोपहर 4 से 5 बजे के बीच में अशोक और सुनीता में झगड़ा हुआ था। बहू सुनीता जान से मारने की धमकी देकर घर से कहीं चली गई। रात को बहू सुनीता अपने प्रेमी के साथ घर लौटी। बेटे अशोक की गला घोंटकर हत्या कर दी। प्रेमी को वहां से भेजकर पति के सुसाइड करने का लोगों को बताया। पीड़िता का कहना है कि जिस प्रेमी के साथ मिलकर बेटे अशोक की हत्या की है। उसकी बहू घंटो अपने कमरे में बंद होकर उससे बातें करती रहती थी। जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी उसके पास है। उसका पौता समीर अपनी मां के साथ नहीं जाकर उसके पास ही है। पौते समीर को कॉल करके आए दिन धमकियां देती रहती है। कहती है कि तू मेरे पास आ जा। नहीं तो तुझे भी तेरे बाप की तरह जान से मारवा दूंगी। पुलिस ने इस्तगासा के जरिए हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लीवर की गांठ का सफल ऑपरेशन

**जयपुर** । गणगौरी बाजार स्थित राजकीय पंडिल दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में गुरूवार को एक मरीज का लीवर हाइडेटिड सिस्ट का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि 60 वर्षीय महिला के पेट में काफी समय से दर्द था।

डॉक्टरों की जांच में पाया गया कि लीवर के बाये हिस्से में 10 सेमी की बड़ी गांठ है। जिसके कारण खाने के नली और आमाशय प्रभावित हो रहे थे। मरीज को खाने में व सांस लेने में दिक्कत थी। अगर गांठ पेट में फट जाती तो मरीज की जान को खतरा हो सकता था। जिसके बाद ऑपरेशन का प्लान किया और दूरबीन से सफल ऑपरेशन किया गया। गनीमत ये रही कि ऑपरेशन के दौरान अतिरिक्त रक्तस्त्राव नहीं हुआ। जिसके बाद मेडीकल टीम ने राहत की सांस ली।

गांठ बड़ी होने से ऑपरेशन करना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती था। ऑपरेशन टीम में डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. संजय, डॉ. कमलेश अग्रवाल, एनेस्थिसिया से डॉ. वीणा, डॉ. रवि, डॉ. हर्ष तथा नर्सिंग स्टाफ से राकेश तथा मधेन्द्र टीम में शामिल रहे।

# गोपालपुरा मोड पर बिग बाजार में बम की सूचना से हड़कंप मचा, मॉकड्रिल मालूम लगने पर लोगों ने राहत की सांस ली

## बम निरोधक दस्ते ने करीब सवा घंटे में मॉल की पार्किंग में मिले डमी बम को डिफ्यूज़ किया

**जयपुर** (कासं)। टोंक रोड पर गोपालपुरा स्थित बिग बाजार में गुरुवार सुबह बम की सूचना पर हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना पर आसपास के थानों का जाब्ता, एटीएस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

- **मॉकड्रिल के दौरान गोपालपुरा बाइपास बना पुलिस छावनी, दहशत में रहे आसपास के लोग**

टीमों ने सर्च में सवा घंटे में मॉल की पार्किंग में मिले डमी बम को डिफ्यूज किया। बाद मे मालूम चला कि यह मॉकड्रिल थी, तब जाकर स्थानीय लोगों और पुलिस-प्रशासन ने राहत ली।

बजाज नगर एसएचओ शीशराम मीणा ने बताया कि गुरूवार दोपहर करीब 11:37 पर पुलिस कंट्रोल रूम को टोंक रोड पर बिग बाजार में बम लगे होने की सूचना मिली। बम की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों को बताया गया। सूचना मिलने के महज कुछ ही मिनटों में (ईस्ट) डॉ. राजीव पचार सहित आसपास के थानों को जाब्ता मौके पर पहुंचा। जिसने तुरंत बिग बाजार और आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया।



बम निरोधक दस्ते ने गुरूवार को गोपालपुरा स्थित बिग बाजार में डमी बम को डिफ्यूज़ किया।

लोगों को बाहर निकालने के दौरान ही एटीएस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीमों ने रोड के दोनों तरह के वाहनों और लोगों की आवाजाही रोकी। डॉग स्क्वॉयड टीम की मदद से बम की तलाश शुरू की गई। सर्च करने पर बम बिग बाजार की पार्किंग में मिला। बम निरोधक दस्ते ने बम को डिफ्यूज किया। सर्च से लेकर बम डिफ्यूज का ऑपरेशन करीब सवा घंटे तक चला। पार्किंग में मिले बम के डमी होने और मॉक ड्रिल का पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा थाना पुलिस ने पंजाब की कुख्यात गैंगों से संपर्क रखने वाले चूरू के हमीरवास थाने के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल सहित चार कारतूस जब्त किए हैं। आरोपित के खिलाफ कई थानों में गंभीर आपराधिक वारदातों के प्रकरण दर्ज है।

भांकरोटा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपित की हरियाणा, दिल्ली, पंजाब की कई कुख्यात गैंगो से गहरा संपर्क है और पहले भी हत्या के अपराध में जेल जा चुका है। विरोधी गैंगो से चल रही रंजिश के कारण हथियार उसने खरीदा था। डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया आरोपित देवेन्द्र सिंह (36) निवासी राजगढ जिला चुरू हाल जयसिंहपुरा भांकरोटा को जयसिंह पुरा रोड पर नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

आरोपित चुरू जिले के हमीरवास थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ अनेक थानों में कई मामले दर्ज है। पिलानी थाने के एक प्रकरण में वह फरार चल रहा है।

## सार-समाचार

### बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी बांटी



**जयपुर** (कासं)। व्यास सेवा संस्थान की ओर से स्वर्गीय इंदु व्यास की स्मृति में 20 जुलाई से शालाओं में नि:शुल्क स्टेशनरी वितरण शुरू हुआ। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौंमू और माइल स्टोन स्पेशल स्कूल (मंदबुद्धि) बिंजरी मार्ग बेनाड रोड जयपुर में बच्चों को करीब 300 बच्चों को उनके कोर्स के अनुरूप कापियां, पेन-पेंसिल, रबर शॉप, वेपर्स, चॉकलेट और केले बांटे। कार्यक्रम में राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, प्रमुख समाजसेवी निर्मल जैन, सेवानिवृत्त बीईओ सुभाष चंद्र झा, समाजसेवी कमल शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे। संस्थान के सचिव नरेंद्र व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि इस वर्ष करीब 10 हजार बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी बांटने का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने में हमारी टीम जुटेगी।

### हैलसियॉन-ईलीट मशीन बीएमसीएचआरसी में



**जयपुर** (कासं)। कैंसर रोगियों को अब प्रदेश में भी रेडियेशन थैरेपी की आधुनिकतम मशीन हैलसियॉन-ईलीट लीनियर एक्सिलरेटर से उपचार उपलब्ध हो पाएगा। प्रदेश की पहली हैलसियॉन-ईलीट भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर स्थापित हुई। कैंसर रोग के उपचार में महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति मानी जाने वाली रेडियेशन थैरेपी की इस मशीन में गेन्ट्री स्पीड 4आरपीएम होने की वजह से रेडियेशन 15 मिनिट के बजाय 3 मिनट में दिया जाएगा। इस वजह से कैंसर रोगी, खासतौर पर बुर्जुग एवं बच्चों के लिए यह थैरेपी पहले से भी ज्यादा आरामदेह होगी। चिकित्सालय के रेडियेशन थैरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पाटनी ने बताया कि चिकित्सालय में यह चौथी लिनियर एक्सिलेटरेटरहै। यह उत्कृष्ट मशीन रेपिड आर्क एवं आईजीआरटी जैसा उपचार करने में सहायक हैं। उद्घाटन के दौरान चिकित्सालय के अध्यक्ष नवरतन कोठारी ने बताया कि इस मशीन की क्षमता अधिक होने के कारण रोगियों को उपचार के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी पडेगी। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्षा अनिला कोठारी, प्रबंधन्यासी विमलचंद सुराणा, कोषाध्यक्ष डॉ प्रेमसिंह लोढा, अधिशासी निर्देशक मेजर जनरल एससी पारीक, रेडियेशन थैरेपी सहित अन्य विभाग के चिकित्सक भी मौजूद थे।

### डीएमपीएल में सुरों की जंग होगी

**जयपुर** । डीएमपीएल टीम ऑक्शन, पोस्टर व ट्रॉफी विमोचन सहित गत एक माह से चल रहे आयोजन व तैयारियां शुक्रवार को अपने पहले पड़ाव पर पहुंच जाएगी, जब जयपुर के डॉक्टर्स की गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल का आग़ाज़ होगा। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि कल होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा होंगे। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ.हर्षुल टांक ने बताया कि 22 से 24 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आर्थोस्कोपी एंड स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर को- स्पॉन्सर है जबकि टूथ-सेवियर, शुभिका इन्वेस्टमेंट, श्री आश्रम मेमोरियल नवजीवन हॉस्पिटल एवं रेडियो इस आयोजन के पार्टनर हैं। प्रतियोगिता में 8 फ्रेंचाइज़ी-हॉस्पिटल्स अपनी-अपनी टीमों के साथ ट्रॉफी जीतने की दावेदारी पेश कर रहे हैं।

### पुरानी पेंशन व पदनाम परिवर्तन पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। ऊर्जा सचिव भास्कर ए. सावंत साहब के निर्देश पर गुरूवार को विद्युत भवन में मुख्य कार्मिक अधिकारी राकेश शर्मा की अध्यक्षता में राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ की ढाई घंटे बैठक हुई। जिसमें मुख्य कार्मिक अधिकारी जयपुर डिस्कॉम, मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्पादन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रसारण निगम तथा राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। बैठक में पुरानी पेंशन को लागू कराने के लिए सरकार को एजेंडा भिजवाने और पदनाम परिवर्तन के लिए कोआर्डिनेशन से एजेंडा सरकार को भेजने समेत 28 सूत्री मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा हुई।

### प्रताप नगर में पौधारोपण किया

**जयपुर** । मानव उत्थान सेवा समिति वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को परमहंस धाम आश्रम प्रभारी महात्मा शाकम्बरी बाईजी व महात्मा रक्षितानन्द के दिशा निर्देशन में पौधारोपण अभियान का आयोजन श्री राम धाम मंदिर प्रतापनगर में किया गया। समिति मीडिया प्रभारी रमेश सैनी ने बताया कि मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आज करीब 500 पौधे वितरित कर रोपे गये। पौधरोपण कार्यक्रम में समिति सदस्य मानव सेवादल, यूथ टीम सदस्यों व क्षेत्रीय लोगों ने सहयोग किया। सभी ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली।

# बारिश से मानसरोवर में वी.टी.रोड चौराहे पर 10 फीट सड़क धंसी



**जयपुर** (कासं)। मानसून की हल्की सी बारिश ने गुरूवार शाम को मानसरोवर की सड़कों की पोल खोलकर रख दी है। न्यू सांगानेर रोड स्थित वी.टी. रोड चौराहे पर तेज धमाके के साथ सड़क धंस गई। इससे सड़क में करीब 10 फीट गहरा और करीब 10 फीट चौड़ा गड्ढ़ा हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा जनहानि हो सकती थी।

- **पार्षद भारती मुकेश लख्यानी ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी के कट्टे और बैरिकेट्स लगाकर क्षतिग्रस्त सड़क पर आवाजाही बंद कराई**

उधर सड़क धंसने की सूचना पाकर वार्ड 75 की पार्षद भारती मुकेश लख्यानी मौके पर पहुंची और जेडीए व नगर निगम प्रशासन से संपर्क कर गड्ढ़े के चारों तरफ मिट्टी के कट्टे और बैरिकेट्स लगवाकर रास्ता बंद कराया। पूर्व पार्षद मुकेश लख्यानी ने बताया कि वी.टी.रोड पर पिछले दिनों भी बारिश के दौरान सड़क धंसने से बड़ा गड्ढ़ा हुआ था। पिछली बार टेलीकॉम कंपनियों द्वारा डाली गई भूमिगत केबल्स के कारण सीवरेज लाइन जर्जर हुई थी। इस बार जहां सड़क धंसी है, वहां से बीसलपुर की पेयजल पाइपलाइन गुजर रही है, इसके बगल से भी केबल्स गुजर रही है।

## विश्व शान्ति रैली जयपुर पहुंची

**जयपुर** (कासं)। पिंक सिटी जयपुर में विश्व शान्तिरैली का फ्लैग-ऑफ़ का कार्यक्रम होटेल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया गया, यह रैली 20 दिन में 5 राज्यों 3 केंद्र शासित प्रदेशों में होकर यह रैली जयपुर पहुँची। सृजन द स्पार्क जयपुर के प्रेसिडेंट राजेश नवलखा, सचिव राजीव बांगड, राजू मगोडीवाला, प्रमोद दरड़ा, संदीप नवलखा,राजीव निगोतिया ने शान्तिरैली को इस अभूतपूर्व कार्य के लिए एक प्रशस्ति पत्र भेंट किया। तथा इस संस्था के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश ढड्ढा,राकेश गुप्ता,अजय पालेचा, राजीव सिंघवी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और टीम का फ़्लैग ऑफ़ करके उनको आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं।

विश्व शांति के संदेश देने के लिए अहमदाबाद के गांधी आश्रम से 1 जुलाई को निकली रैली पाकिस्तान सीमा और चीन सीमा तक संदेश देते हुए 18 जुलाई को जयपुर पहुंची, सृजन द स्पार्क के सदस्यों ने रैली के सभी सदस्यों को बधाई दीं साथ ही साथ उनके इस जज़्बे के लिए उनका अभिवादन किया। इस मौके पर चाइल्ड वेलफेयर ट्रस्ट के मैनेजिग ट्रस्टी बीएम सूद ने कहा कि इस रैली को शुरू करने का हमारा एकमात्र मकसद दुनिया में शांति क़ायम रखने का संदेश फैलाना है।

# 17 करोड़ की कर चोरी के आरोप में व्यापारी गिरफ्तार

**जयपुर** । वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने जयपुर में प्रताप नगर निवासी व्यापारी को 95.60 करोड़ रुपये के बोगस बिलों का उपयोग कर 17.21 करोड़ रुपये की कर-चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रताप नगर में वैद्यजी का चौराहा स्थित मैसर्स ग्लोबल मेटल्स के मालिक विशेष सहल द्वारा एल्यूमीनियम और लोहे के स्क्रैप का व्यापार किया जाता है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने जी.एस.टी. पोर्टल पर उपलब्ध व्यापक विश्लेषणात्मक उपकरणों और सूचनाओं का उपयोग करते हुए, मैसर्स ग्लोबल मेटल्स द्वारा किये गये 95.60 करोड़ रुपये से अधिक के संव्यवहारों को संदिग्ध पाये जाने पर फर्म को अग्रिम जांच हेतु चिह्नत किया।

डॉ. रवि कुमार सुरपुर (आई.ए.एस.) मुख्य आयुक्त राज्य कर, राजस्थान के निर्देश पर प्रवर्तन डिवीजन के प्रवर्तन विंग राजस्थान, के अधिकारियों ने मैसर्स ग्लोबल मेटल्स के परिसर की 15 जून 2022 को तलाशी ली। जांच के दौरान टीम ने पाया कि फर्म मालिक विशेष सहल ने बोगस बिलों के माध्यम से इनवार्ड और आउटवार्ड सप्लाई दिखाई, जिसमें व्यवहारी ने 8.31 करोड़ रुपए का टैक्स क्रेडिट पास ऑन किया गया, आर 8.29 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम किया। साथ ही 3.41 करोड़ रुपए का माल बिना बिल जारी किए आपूर्ति कर 61.36 लाख रुपए की कर चोरी की गई। व्यापारी द्वारा बोगस बिलों के माध्यम से आई.टी.सी. हासिल करने-जारी करने व बिना बिल जारी किये माल सप्लाई कर राजस्व को 17.21 करोड़ रुपये की हानि पहुंचायी गई। आगे जांच में जी.एस.टी. चोरी की मात्रा बढ़ने की संभावना है।

इस पर राजस्थान माल और सेवा कर के प्रवर्तन शाखा ने दिनांक 21 जुलाई को आर.जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 132 के प्रावधानों के तहत किए गए अपराधों के लिए धारा 69(1) के तहत मैसर्स ग्लोबल मेटल्स के मालिक विशेष सहल को गिरफ्तार किया है। विशेष को 21 जुलाई को विशेष सी.जे.एम., जयपुर की अदालत में पेश किया गया। विशेष सी.जे.एम., जयपुर ने 3 अगस्त तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया।

## अध्यक्ष महेश शर्मा का स्वागत किया

**जयपुर** (कासं)। विभागीय समिति कोष एरां लेखा विभाग वित्त भवन के विभागीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर महेश शर्मा का ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से बुधवार को उनका अभिनंदन किया गया। सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने कहा कि शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा दूरदर्शी निर्णय क्षमता के चलते विभागीय समिति के संगठन में उनकी मजबूत पकड़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में ही शर्मा तेजी से कुशल नेतृत्व देने वाले कर्मचारी नेता के रूप में उबरे है। उन्होने शर्मा को साफा और शॉल ओढ़ाकर तथा श्रीफल देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जमुनालाल शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद मौजूद थे।

# राहुल, सोनिया गांधी को हाथ लगाया, तो मोदी-शाह को श्रीलंका के राष्ट्रपति की तरह भागना पड़ेगा : डोटासरा

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी ऑफिस बुलाकर पूछताछ के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की ओर से जयपुर में ईडी दफ्तर के बाहर आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार को चैलेंज करते हुए कहा कि जिस दिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी के हाथ लगाया, तो देश में ऐसा आक्रोश पैदा होगा कि मोदी शाह को श्रीलंका के राष्ट्रपति की तरह देश छोड़कर भागना पड़ेगा।

डोटासरा ने कहा कि हम लोग ईडी से डरने वाले नहीं है। मोदीजी, हम सावरकर नहीं है जो अंग्रेजों से डरकर माफी मांग लेंगे और पेंशन करा लेंगे। हम गांधीजी के अनुयायी हैं। पंडित नेहरू 10-12 साल जेल में रहे, वे देश के धनाढ्य लोगों में थे, कपड़े भी विदेशों से धुलकर आते थे। हम उन्हीं के अनुयाई हैं। इस मौके पर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भाजपा झूठ की राजनीति करती है चाहे धार्मिक मामलों की बात हो या देश की जरूरतों से जुडी हुई बातें उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी, वाजपेई, इंदिरा गांधी, नरसिम्हा राव जैसे प्रधानमंत्रियों से बहुत आगे निकल गए हैं और पहली बार ऐसा हो रहा है जब आम आदमी की जरूरत की चीजें आटा दाल दूध दही पर टैक्स लगाया गया है।



जयपुर में ईडी ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीसीसी अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने संबोधित किया।

इस मौके पर मंत्री डॉ बीडी कल्ला, हेमाराम चौधरी,गोविंद राम मेघवाल, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, लालचंद कटारिया, अशोक चांदना, विधायक राकेश पारीक, गोपाल मीणा, खानु खान बुधवाली,ज्योति खंडेलवाल सहित कई नेता मौजूद थे।

## 'खनन माफिया पर लगाम कसने के लिए कितने बलिदान देंगे?'

**जयपुर** । भरतपुर के डीग क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर एक साधु के आत्मदाह करने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा। शेखावत ने कहा कि खनन माफिया की सूची तैयार करने की घोषणा के लिए एक साधु को आत्मदाह के प्रयास के लिए मजबूर होना पड़ा। अब उन पर लगाम कसने के लिए कितने बलिदान और करने होंगे मुखिया जी? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने खनन माफिया की सूची तैयार करने का आदेश निकालने में बड़ी देर लगा दी। विडंबना है कि एक साधु को आत्मदाह की कोशिश कर आपको जगाना पड़ा। जब खान मंत्री का जिला ही अवैध खनन के मामले में नंबर एक पर है, तब बाकी क्या है, कहने को? सूची तैयार होने के बाद कितनों पर कार्रवाई होती है।



### Invention Of Ice Pops

Ice pops were invented by an 11-year-old. In 1905, the boy named Frank Epperson left soda powder and water mixture outside overnight with its wooden stirrer still in the cup that had frozen in the chilly night-time weather, and so the Epsicle was born. He sold the treat around his neighbourhood and at nearby amusement park and even patented the recipe. Years later, he changed the name to Popsicle because that's what his kids called their pop's concoction.



Edinburgh's celebrated International Festival takes place for three weeks at the end of the summer each year. It is one of the widely attended festivals in Europe. It is distinct because it not only has its own performances but has no hesitation in inviting artists from other countries to perform in the festival. The genuine theatrical centerpiece of the festival is the splendidly colourful military tattoo held on the floodlit Esplanade of the castle. The turrets and parapets looking down give the place a romantic and majestic atmosphere. Another spectacular entertainment on the Esplanade is the traditional and colourful ceremony of Beating the Retreat.

# Here and there in England & Scotland



Edinburgh Castle.



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

#TRAVELOGUE

The summer of 1982 was passing away quickly. Work at Leeds General Infirmary kept me very busy but I also realised that before Jayant and Rahul's vacation ended they should have an exposure of the country (United Kingdom) that they had visited. We continued to take them to nearby places. There was abundance of majestic houses and castles surrounding us wherever we went. The English have the ability to make visitors pay through their nose to see all these well preserved Castles and Palaces.

One of our earliest visits was to Temple Newsam, a palatial building with extensive lawns close to Leeds. It was ideal for a day trip. The building built in 1500-1520 was well maintained and is now a property of Leeds City Council. There was abundance of richly tapestried and carpeted rooms. The place houses a huge sculpture gallery of the creations of Henry Moore, one of the famous sons of Yorkshire. The rooms are now gradually being restored to show the impressive interiors in different centuries. It has become a museum of forty rooms full of treasure with Chippendale furniture, silver, ceramics and fine art. The gardens have gone through many modifications and now one can roam around 1500 acres of stunning woodland, parkland gardens landscaped by the famous 18th century gardener Capability Brown.

One of the delightful day trips on a long summer day that we made was to the city of Edinburgh. Due to constraints of time and pocket we had to limit ourselves to see the castle, a few museums and the botanical garden. Edinburgh Castle, the most famous of all Scottish castles, dominates the city from its commanding position on the 'Rock' where the old town is also situated. Because of many wars most of the buildings have been destroyed. St Margaret's Chapel is the oldest that stands from the fourteenth Century. It is also called the 'foundation stone of Edinburgh'. The Palace courtyard has many loosely connected buildings, and the whole area is called the Citadel. A large sixteenth century building which was initially the seat of the Scottish Parliament, now houses a museum of weapons and armoury. The National War museum is dedicated to 200,000 odd Scots who died in World War II. As we wandered through the halls the Indian connection became visible in one of the glass cabinets. There was a large cup etched 'Bharatpore Cup'. It was a cup from the late 19th Century when Polo ruled supreme as a competitive sport in Rajaputana.

### Time Reminding

The half-moon Battery or Great Half Bastion Round was constructed in 1574. Since 1851 the daily one o'clock gun has been fired from this position. This idea of a 'time reminding' gun was borrowed from a similar exercise in Paris. The joke however was, that in most places the gun is fired at Noon. The Scots in their parsimonious manner thought firing of one shot at one o'clock would be cheaper than firing twelve shots at noon. Incidentally such a firing was a part of Jaipur rituals when a cannon was fired from Nahargarh at noon during the princely rule.

Edinburgh's celebrated International Festival takes place for three weeks at the end of the summer each year. It is one of the widely attended festivals in Europe. It is distinct because it not only has its own performances but has no hesitation in inviting artists from other countries to perform in the festival. The genuine theatrical centerpiece of the festival is the splendidly colourful military tattoo held on the floodlit Esplanade of the castle. The turrets and parapets looking down give the place a romantic and majestic atmosphere. Another spectacular entertainment on the Esplanade is the traditional and colourful ceremony of Beating the Retreat in which the Bag-Pipe bands take part. There are varied collection of artistic efforts performed by the 'fringe' groups. These are organised by amateurs, enthusiasts and societies of all kinds. The Scottish Fife bands and their jazz performances are one of the favourite items. Recently the Festival has had invitees from Jaipur too. The brass band (I think it was the Jea Band) of Jaipur has performed with deep appreciation in the festival. A group of Manganyars too were invited to perform few years ago.

One of the touching stories is about 'Greyfrairs Bobby'. A small bronze statue has been erected at the Greyfriars Kirkyard in the memory of this devoted terrier who became a familiar figure in Edinburgh. He was seen guarding the grave of his master, a shepherd, for fourteen years.




Bharatpore Cup.



Greyfairs Bobby.



Clifford's Tower.



Temple Newsam.

One principle Nirmal and I always maintain is that if one has to enjoy a visit to a place of historical interest the only satisfactory way to do so is to stroll through it. Not only should one be knowledgeable about the place prior to the visit but should be able to use a map to locate the places of interest. After descending from the castle we did walk down to the 'New Town'.

### Georgian Character

The need to expand the city was urgently felt in the mid eighteenth century. In an effort to create a planned 'New Town' a competition was announced. James Craig, a young architect, proposed to build it in a 'grid -iron' pattern with the two squares at each end of the principle streets running parallel to each other. The Charlotte square at one end had the finest residential buildings. Very few of the original buildings remain. At the other end, Andrew Square (named after the patron Saint of Scotland) is probably the most affluent square consisting of various financial organisations, banks and headquarters of insurance companies. George Street, the main central street was named after the king who had approved the grid-iron plan.

Incidentally Jaipur City was also designed with the same 'grid-iron' pattern a hundred years before Edinburgh and both the towns have been able to sustain the increasing traffic and population even after such a long time. The Queen Street, named after his consort lay north of this. On the south side the now world famous Princes Street was named after the Prince of Wales and completed by 1805. Although Princes Street was intended merely as the southern fringe of the new town it soon became the main street of the expanding town. The beauty of it is that despite the expansion the Georgian character of the buildings have been retained even now after multiple renovations.

The Scott Monument in east Princes Street Gardens is one of the best known landmarks in Edinburgh. Erected in the memory of great Scottish novelist, it was designed by George Meikle Kemp and was installed in 1846.

One of the many attractive features of Edinburgh is that even today the countryside is not too far away from the heart of the city. The Royal Botanical Gardens situated on the north side of the city at Inverleith Row was laid out between 1820 and 1823. A 'Physic Garden' existed in that area as early as 1670. The present garden covers 75 acres containing library, laboratory and an exhibition hall. Many rare and beautiful specimens thrive on the southern slopes. In the nearby hot house tropical plants of all kinds are to be found. The variety is comparable to the famous Kew gardens in London. A notable feature is the rockery, with its comprehensive collection of Alpine plants. The National Gallery of Modern Art was installed in the centre of Gardens in 1960.



Stags at Highland Park.



Walled city of York.



Floral clock Princes Street.

As we were walking down the street we saw a quaint shop which was offering a 'bottomless' pot of Darjeeling tea. This was very inviting as we were parched and hungry. The accompanying bakery items, fresh scones with whipped cream and muffins were tempting and we had them in plenty. I clearly recall buying my first Hush Puppies from a sale in an adjoining shoe shop. The shoe lasted for nearly ten years. There is so much more to see and appreciate in Edinburgh that it certainly requires many more visits.

### Indelible Picture

Some of us foreign doctors working at Leeds organised a car trip to the west coast of Scotland towards Fort William. On the way the first stop was to see the crumbling Hadrian's Wall that the Romans had constructed to prevent the invasion of the Scottish hordes. We had heard a lot about Gretna Green where all eloping couples used to get married in the earlier days. It is said that the local blacksmith was authorised to conduct the marriages. There is a small shack with a large anvil where such marriages were allegedly conducted. It has now become a tourist spot. Mock marriages and photo-ops are a prime attraction. Even a gaudily printed marriage certificate is available at a cost.

That was our first opportunity to stay in a caravan park near the Loch Linnhe. These caravans are parked in a neatly patterned area near the shore of the Loch. Electricity and water connections are already available. Chemical toilets are installed. The children were fascinated by the bunk beds. Nirmal was happy with cooking area. A small gas oven and two additional flames were very compactly placed in the galley. Rahul, having heard the tales about 'Nessie' the monster in the Loch Ness, was fascinated by the thought. He woke up early and went to the lake shore to look for it through the early morning mist. He forced Jayant to join him to take a photograph.

> **The beauty of the landscape is in its pristine condition. Nothing has changed in these areas for centuries. The Queen's View overlooking the Loch Tummel has left an indelible picture in my mind.**

From the camping area the road led to Ben Nevis, UK's highest peak (1345 metres) and Glen Nevis valley. It was near the Highland sanctuary we sighted the large stags of Scotland. This area is also famous for its reputed whiskey distilleries. The car drive through the hills and valleys gave us an understanding of how rugged Scotland is. The beauty of the landscape is in its pristine condition. Nothing has changed in these areas for centuries. The Queen's View at the edge of a cliff overlooking the Loch Tummel has left an indelible picture in my mind. The placid waters of the Loch below were a wonderful opportunity to take pictures. It is said that it was Queen Victoria's favourite spot when she visited Scotland (1866) particularly during her prolonged bereavement after the death of Prince Albert, her consort.

Soon it was time to return home. London and York had been left for the last. That is another days tale!

writetoarbit@rashtradoot.com



One o'clock cannon.

#COVID-19

By tracking the infants' eye movements the researchers recorded how often and how quickly the infants followed the person's gaze.

## Pandemic Babies Follow Gaze Just As Well



Parents and caregivers are enough to mitigate the pandemic's negative effects on the social development of babies, researchers discovered. To study whether infants born during the pandemic exhibit different social behaviour than same-aged infants before the pandemic, researchers focused on the children's ability to follow another person's gaze.

"This ability is fundamental for engaging in social interactions, building relationships and developing language skills," says Stephanie Wermelinger, who researches developmental psychology in infants and children in the Psychology Department at the University of Zurich. If this ability is impaired, it can hamper a person's ability to interact with society.

The study included 80 infants between the age of 12 and 15 months. They saw different videos in which a person was gazing at one of two objects. By tracking the infants' eye movements, the researchers



recorded how often and how quickly the infants followed the person's gaze. They then compared their data with eye movement data from 133 children using the same method before the pandemic.

The study reveals no significant behavioural differences between the children born during and before the pandemic. Children born during the pandemic followed the person's gaze just as often and quickly as the children in the pre-pandemic group.

Although the pandemic meant that the children saw fewer people overall and interacted with more people who were wearing masks, they don't seem to be developing any differently to children who didn't experience any pandemic-related changes.

"We believe the unchanged social interactions with parents and caregivers at home are enough to mitigate any influence the COVID-19 pandemic might have had on infants," says Wermelinger. These contacts could be sufficient to provide infants with the social input they need to develop social and emotional skills such as gaze following.

#MENTAL-WELLNESS

# Quiet the Anxiety in Your Head

Calm your mind with these tips to stop any downward spiral of thoughts.



Everyone knows that thinking before acting is wise but when does our thinking actually become debilitating? With too much thinking, negative thoughts can begin creeping in that shed doubt and promote fear. Our thinking becomes negative when we begin to focus on all of the what-if scenarios or we begin to fear a bad outcome with our plans.

Since there is no way to predict the future, a person can begin to feel totally out of control. This only intensifies the downward spiral of thoughts. Then our insecurities and lack of confidence can take hold and squash all of our original good ideas and plans.

To be sure, part of the negative what-if's come from knowing of someone who did have a worst-case scenario. In reality, these cases are rare and typically out of our control. When we focus too much on an undesirable possibility, it has the power to rob us of our joy, action and both our physical and mental health. Think about which causes the most distress -- the chance of a worst-case scenario or the definite side effects of overthinking? But we're here to help with the best tips on how to stop overthinking.



### Do a Reality Check

How accurate is your thought really? You can acknowledge the worst-case scenario but then put it to the test. For example, maybe you fear getting fired because you want to bring up an idea for changing a difficult procedure. How likely is that to really get you fired? Is it possible your boss may like your idea? Has your boss fired others for bringing up suggestions? If your idea isn't accepted would you want to quit? If so, that fear of being fired kind of blows right out the window.

### Think Productively

If you are an over thinker it probably doesn't make any sense to take more time to think. But it does if you do it right. Often our thoughts come flying at us in the middle of chaotic times when we can't process them effectively. If we set aside time when things are quiet and we can let our minds go we are more apt to form positive plans and ideas.

It's a good idea to start by meditating on something positive like scripture or a calming mantra. This in turn leads to more positive thoughts to deal with a current situation. But watch out when your mind begins to let in any fear or doubt, it's time for a distraction. Recognize that your initial thoughts are good and will allow you to take action and call out the creeping fear or doubt as a lie.

### Go for a Walk

Physical exercise is good for stress in general as it can be a way to clear your head. A nice side benefit is that walking releases feel-good endorphins so you will start to feel better with the first step. Walking is also a distraction that gets you away from your current situation and can allow productive thoughts to enter in. If you don't like walking try another healthy hobby like gardening. The key is to get out of your normal routine.

### Volunteer

If you want to learn how to stop overthinking, start looking at those around you. Volunteering to help someone in need is a great way to shift your focus from yourself to another person. There is no time to think of your own situation when you are focusing on someone else. Plus, when you help someone else it always feels good emotionally. It can even give you a better perspective on your own life when you see what others are going through.

### Breathe Deeply

Overthinking brings up a lot of anxiety which also leads to physical symptoms like a racing heart. Take time to breathe deeply. Take at least ten deep breaths counting slowly as you go. Concentrate on your breaths until you feel your body responding. This deep breathing gives a sense of calm that can alleviate stress symptoms.

### Count Your Blessings

It's always good to think about all of the positive things that you have or are going on in your life. Start with the basics first. Food, shelter and clothes are of the utmost importance but tend to be forgotten in the grand scheme of things. This might then progress to thinking about other blessings like friends, family, a good job or even a huge success. Our realities are often better than what our own negative thoughts tell us.

### Forgive and Forget


Sometimes overthinking comes from not letting go of our mistakes that happened in the past. Was a lesson learned from the mistake? Then it's time to forgive yourself and move on with self-compassion. It's not healthy to keep rehashing what should have been done. Instead, look at the present and toward the future with your updated mindset.

While forgiving yourself, sometimes you need to forgive another person who has hurt you. Once you forgive someone make sure to also truly forget. It doesn't help anyone to hold onto grudges and negative thoughts that come with it.




## Surprising Facts About Coral Reefs

- Coral reefs make up a fraction of the ocean - less than 1% - but they provide a home to around 25% of all the world's marine life.
- Over 4,000 different species of fish rely on coral reefs.
- A common misconception is that corals are plants or rocks but, in actual fact, they are animals. There are hard and soft varieties of coral which live together in large groups called colonies.




- Coral reefs provide food for a variety of fish which in turn provide food for humans.
- It's estimated that around 500 million people in the world consume the fish found on coral reefs.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के गांव-ढाणियों में इन दिनों मौसमी बीमारियों के प्रकोप से अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अस्पताल की ओपीडी में पहले से अधिक मरीज आ रहे हैं। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को ओपीडी में मरीजों का आंकडा 400 से अधिक संख्या को पार कर गया। इसमें सबसे ज्यादा मरीज बुखार, उल्टी-दस्त, खांसी, जुखाम के आ रहे हैं। सीएचसी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सुरेश कुमार मीणा और डॉ.विक्रम गुर्जर मरीजों को साफ-सफाई का ध्यान रखने सहित मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय बता रहे हैं। इस मौके पर डॉ.पूरण चौधरी, डॉ.मनीष बामनिया आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**टोंक, (निसं)।** भाजपा की केन्द्र सरकार के द्वारा ईडी के माध्यम से कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षता सोनिया गांधी को राजनैतिक प्रतिशोध से प्रेरित होकर अकारण हो रही पूछताछ के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार टोंक जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में 22 जुलाई को प्रात: 11 बजे गांधी पार्क में धरना व विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिला प्रवक्ता जर्रार खांन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन से जुडे हुये स्थानीय जन प्रतिनिधि, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष तथा समस्त कांग्रेस जन भाग लेंगे।

### नरेन्द्र प्रदेश प्रभारी बने

**मालपुरा, (निसं)।** रेगर राजनैतिक चेतना मंच प्रदेश मुख्य संरक्षक भंवर लाल नवल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन दीपक की अनुशंषा पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज रातावाल ने मालपुरा निवासी युवा समाज सेवी नरेन्द्र कुमार फुलवारिया को संगठन में प्रदेश प्रचार मंत्री मनोनीत किये जाने का नियुक्ति पत्र जारी किया। नरेन्द्र की नियुक्ति पर रेगर समाज सहित कई सामाजिक संगठनो ने नरेन्द्र को बधाई दी।

### आज विद्युत कटौती रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय मालपुरा सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि 132 केवी जीएसएस सिलोरा पर अतिआवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 22 जुलाई को प्रात: 7 बजे से 11 बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत कटौती रहेगी। कटौती में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र शामिल होगा।

### आज 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**बोराज, (निसं)।** विद्युत लाइनों के सुधार एवं आवश्यक मरम्मत कार्य को लेकर विद्युत वितरण निगम के बोराज झरना व बिचून 33 केवी जीएसएस पर शुक्रवार प्रात: 7 से 10 बजे तक शटडाउन रखा जाएगा। एचटीएम कनिष्ठ अभियंता श्वेता कुमारी ने बताया इसके चलते बोराज झरना व बिचून 33 केवी जीएसएस एवं अधीनस्थ समस्त फीडरो की विद्युत सप्लाई 3 घंटे बंद रहेगी।

# 1.43 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त छिलका बरामद

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि 21 जुलाई को पुलिस टीम का गठन कर बदमाशों की गश्त व निगरानी हेतु रवाना किया गया था। पुलिस टीम राजमार्ग से ढ्ढाणी श्योग्राम वाली होते हुए भालोजी के कच्चे रास्ते पर पहुंची तो वहां एक स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी मिली।

जिसका चालक अचानक आई पुलिस टीम को देखकर गाड़ी को मौके पर ही छोडकर खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने उक्त स्कॉर्पियो गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से 1 क्विण्टल 43 किलो 380 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका बरामद किया। इस पर पुलिस ने उक्त स्कॉर्पियो गाड़ी एचआर 36 यू 1011 को जप्त करते हुए फरार आरोपी चालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया। आरोपी की तलाश व अनुसंधान लगातार जारी है।



कोटपूतली पुलिस की गिरफ्त में पुलिस लिखी हुई गाड़ी जिसमें अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ था।

- **अवैध मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त पुलिस लिखी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त**

एसएचओ ने बताया कि थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध विगत तीन माह में यह लगातार तीसरी बड़ी कार्यवाही है।

इससे पूर्व भी आरोपी भीबसिंह, दीपक कुमार व पूनम देवी के कब्जे से 03 किलो 625 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम व मुल्जिम सतीश कुमार के कब्जे से 03 किलो 430 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किये गये थे। थाना पुलिस द्वारा निरन्तर इस प्रकार के अपराधों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। मजे की बात यह है कि जिस स्कारपीओ कार से पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है उस गाड़ी के सीसे पर पुलिस लिखा हुआ है।

## चोरियों के खुलासे की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों की रोकथाम सहित चार दिन पूर्व दिनदहाड़े इन्द्रा कॉलोनी के एक सूने मकान से हुई 15 लाख रूपयों की चोरी की वारदात का खुलासा कर माल बरामदगी की मांग को लेकर विट्ठल नामदेव दर्जी समाज व कॉलोनीवासियों ने डीवाईएसपी को ज्ञापन सौंपा।

डीवाईएसपी सुशील मान को सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि आवासीय कॉलोनी के बीच दिनदहाडे लाखों रूपयों के आभुषण व नगदी चोरी की वारदात के चार दिन बाद भी थाना पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ चोरी का सामान बरामदगी में सफलता हासिल नहीं की है। जिसके चलते पीड़ित परिवार व कॉलोनी वासियों में आज भी चोरी की वारदातों को लेकर दहशत व्याप्त है। दिनदहाडे हो रही चोरीयों सहित वाहनों से पैट्रोल-डीजल की हो रही चोरीयों पर भी स्थानीय पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। डीवाईएसपी सुशील मान ने मामले में पुलिस टीमें गठित कर पुलिस के मुखबीर व खुफिया तंत्र के जरिए चोरों की तलाश किये जाने तथा जल्द वारदात का खुलासा किये जाने का विश्वास दिलाया।

## तीन दिन से गायब वृद्ध की कुएं में गिरने की संभावना

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ तहसील के जखराना गांव में 3 दिन से गायब व्यक्ति के कुएं में गिरे होने की आशंका के चलते बहरोड़ पुलिस तथा उपखंड अधिकारी सचिन यादव सहित पूरे प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर गहरे कुएं के अंदर नीचे बोर में व्यक्ति की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। देर शाम तक जखराना निवासी सज्जन सिंह के जीवित या मृत शरीर को बोर से बाहर निकालने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि बहरोड़ क्षेत्र के नारनौल रोड पर स्थित जखराना गांव में तीन दिन से गायब व्यक्ति की डेड बॉडी काफी समय से बंद पड़े कुएं होने के सबूत मिले हैं। सज्जन सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र रामावतार यादव 19 जुलाई से घर से गायब हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने गांव सहित सभी रिश्तेदारियों में काफी जांच पड़ताल करते हुए तलाश किया परन्तु कोई सुराग व जानकारी नहीं मिली। परन्तु उसी के खुद के एक बंद पड़े कुएं में जो गांव से करीब एक से डेड किलोमीटर दूर जटगांवड़ा गांव की तरफ है। जिसके पास उसकी स्कूटी, मोबाइल तथा कपडे मिले थे । परन्तु कुएं में उतर कर दो तीन बार तलाश करने पर भी नहीं मिलने पर कुएं के अंदर के बोरवैल जो कि लगभग 600 फीट में कैमरे से देखा तो कुछ दिखाई दिया । जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई । मौके पर पुलिस की जांच पड़ताल जारी है।



**सांभरझील के ग्राम गुढ़ा व आसपास के क्षेत्र में इन दिनों खेतों में निराई को लेकर किसान भाईयों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बुआई के बाद अब खेतों में फसल बढ़ने से खरपतवार भी बढ़ रहा है। खरपतवार को हटाने के लिए किसान भी निराई और साफ सफाई में व्यस्त नजर आए। वहीं इन दिनों खरीफ की मुख्य फसलों में कहीं ग्वार और बाजरे की निराई जोरों पर है तो कही अन्य फसलों की निराई की जा रही है। दूसरी ओर लगायार दो दिनों से हो रही बारिश से किसान का मन अब निराई करने में लग रहा है।**

## पंचम शिव कांवड शिविर शुरू

**पावटा, (निसं)।** श्री बाबा भूतनाथ कांवड सेवा संघ पावटा की ओर से शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 5वें विशाल कांवड सेवा शिविर का आयोजन 20 जुलाई से 25 जुलाई तक निकुंज सिटी ग्रांड सफायर आर बी एल बैंक के पास जैनपुरबास में मंगलदास महाराज टोरडा धाम व केशवदास महाराज पावटा जोहडा धाम के द्वारा किया गया। इसमें झंडा एवं भटी पूजन बुधवार को सुबह विधि-विधान से हुआ। शिविर के शुभारंभ पर समिति सदस्यों द्वारा संतों का माला व साल ओढाकर समान किया गया। श्री बाबा भूतनाथ कांवड सेवा संघ के वरिष्ठ सदस्य नीरज सैन ने बताया कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में शिव के भक्त भोले को जल चढाने के लिए दूर-दूर से कावड लाते है। शिव भक्तों को रास्ते में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इस हेतु कावड यात्रियों की सेवा के लिए सात दिवसीय कावड सेवा शिविर लगाया गया है। यह पावटा का सबसे प्रमुख एवं वियात शिविर है। इस मौके पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, शिवपाल राठी, नरेश जिंदल, गिरधारी लाल सैन, श्रीराम यादव, नीरज सैन, सुभाष यादव, पंकज जिंदल, सीए रमन सैनी, ब्रजेश तिवारी, डॉक्टर सुरेन्द्र यादव, जीतू हुल्डा, डॉ. दयाराम राठी, डॉक्टर दानवीर, रणजीत यादव, रोहिताश यादव, रूबी यादव, भीमसिंह राठी, लोकेश टांक, निलेश चौधरी, रामकरण राठी, राहुल सिंघल, देवकरण घांघल, दिलीप राणा, कृष्ण घांघल सहित बडी संया में शिव भक्त एवं कमेटी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पट्टा वितरण में अनियमितताओं को रोकने की मांग



**ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार ( बीच में ) को ज्ञापन सौंपा।**

पावटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरों संघ अभियान के दौरान प्रत्येक आदमी को उसके आशियाने का पट्टा मिले इसके लिए प्रत्येक वार्ड वाइज कैंप लगाए जा रहे हैं।

परंतु नगरपालिका पावटा प्रागपुरा द्वारा पट्टों का आयोजित होने वाला कैंप मात्र खानापूर्ति साबित हो रहा है। जहां केवल मुह देख कर टीका कर सिर्फ अपने चहेतों को ही पट्टे बांटे जा रहे हैं। ऐसे में सरकार की मंशा भी पूर्ण नहीं हो पा रही है। कैंपो के दौरान बनने वाले पट्टे जेईएन की रिपोर्ट के बिना पेंडिंग चल रहे है। वही जेईएन के पास अतिरिक्त कार्यभार होने से वह केवल सप्ताह में दो दिन आता है। वहीं गुरुवार को जेईएन के आते ही लोगों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि जेईएन द्वारा एक ही जगह से पहले से ही चुनी हुई फाइलों पर मौका देख रिपोर्ट करने की बात कहीं। जनता का आक्रोश देख गुरुवार को जेईएन द्वारा कैंप में बैठकर कार्य किया गया। जिससे नगरपालिका में नियमों की जमकर खिल्ली उडाई जा रही है। वही ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा आयोजित होने वाले पट्टों के कैंपों में सभी अधिकारी मौजूद रहे साथ ही पट्टे वितरण के दौरान सिर्फ निर्वाचित प्रतिनिधि ही का हस्तक्षेप रहे। पट्टा वितरण मे अन्य किसी का हस्तक्षेप ना हो। जिससे आम आदमी को इस कैंप का लाभ मिल सके।

## यातायात नियमों की जानकारी दी

**पावटा, (निसं)।** थाना प्रागपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने के लिए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुमित गुप्ता के सुपरविजन में चेतक वन हाईवे मय जाप्ता प्रभारी हनुमान सहाय शर्मा द्वारा बच्चों को बताया गया कि आप जिस समाज में गली और मोहल्ले में रहते हैं वहां पर यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के या बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाता है तो उसको आप लोग अवश्य टोंके जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

यातायात नियम के उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जाती है। बच्चों को यह भी बताया गया कि सडक पर चलते समय रेड लाइट होने पर स्टॉप लाइन के पीछे रुकना चाहिए तथा यदि बाये नहीं जाना है और बाये लेन को खाली रखना चाहिए। जिससे एंबुलेंस व अन्य इमरजेंसी वाहनों को आवागमन में परेशानी ना हो यदि कोई उल्लंघन करता है तो उसको आप लोगों द्वारा टोकना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका वीडियो बनाकर या फोटो खींचकर यातायात पुलिस को सूचना दें जिससे उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। इस दौरान यातायात सुरक्षा नियमो को को लेकर पंपलेट व पोस्टर भी वितरित किए गए।


## सार-समाचार

### मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मिठाइयां बांटी



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे के कृष्णा टावर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अलवर उत्तर बलवान सिंह यादव के सानिध्य में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जलेसिंह रावत की उपस्थिति में सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने की खुशी में मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देहाती महिला को भारतीय लोकतंत्र के सर्वोच्च पद पर विराजमान करने की खुशी में लोकतंत्र का परिचय देने पर नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला मंत्री डॉ. नीलम यादव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जले सिंह रावत, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक भैरू राम गुर्जर, राजाराम गुर्जर, सुबेसिंह, जगदीश चौधरी, रजनी सिंह, शीला चौहान, मनोज यादव, केके सिंह, विक्रम यादव, राधेश्याम यादव, राजपाल यादव, अनिल शर्मा, रवि सोनी, तपेश चौहान, विक्रम सिंह, नीरज भारद्वाज, निशू गुप्ता, अनिल यादव, विशेश्वर चौधरी, सतपाल, नगेंद्र सिंह शेखावत, बृजेश सिंह शेखावत, नीतू, प्रीतम, संयोगिता, जागृत, कविता योगी, ममता जांगिड़, ज्योति एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोराज-सुरपुरा मार्ग गड्ढों में तब्दील



**बोराज, (निसं)।** कस्बे से राजस्व ग्राम सुरपुरा तक बनी 5 किलोमीटर डामरीकरण सड़क जगह-जगह से गड्ढों में तब्दील हो जाने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ब्लॉक महामंत्री भेरूलाल चौधरी, गौशाला अध्यक्ष मदन सिंह शेखावत, विनोद सोनी, पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर व हाजी मुन्ना भाई शेख ने बताया कि बोराज से सुरपुरा सड़क मार्ग में जगह-जगह गड्ढे व दूर तक सड़क से डांमर गायब है जिससे आमजन काफी परेशान है गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से स्थिति और विकट हो जाती है। इसके चलते पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को भी आने जाने में मुसीबत झेलनी पड रही है। दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस संबंध में ग्राम वासियों ने दूदू विधायक बाबूलाल नागर व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत करा गड्ढों में तब्दील सड़क मार्ग की दुर्दशा में सुधार करने की मांग की है। सार्वजनिक निर्माण विभाग सहायक अभियंता वीरेंद्र परेवा ने इस संदर्भ में बताया कि बोराज से सुरपुरा तक डामर सड़क मार्ग काफी खराब हो गया है जिसको पेचवर्क करवा कर भी ठीक नहीं किया जा सकता अत: शीघ्र ही इस डामर सड़क का नवीनीकरण का प्रस्ताव भेजकर स्वीकृति पर नवीनीकरण करवा दिया जाएगा।

### जागरूकता रैली निकाली

**टोंक, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरोगी राजस्थान अभियान तथा राष्ट्रीय वायरल हैपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन को लिवर की बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे 'हैल्दी लिवर कैम्पेन' के तहत गुरूवार को जिला स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजित की गई।रैली को उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महबूब खान व डिप्टी कन्ट्रोलर जिला सआदत अस्पताल डॉ. चेतन कुमार जैन ने संयुक्तरूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के साथ जिला मुख्यालय पर कार्यरत चिकित्साकर्मियों ने भाग लिया। रैली के दौरान आमजन को लिवर को स्वस्थ्य रखने के उपायों का संदेश दिया गया। रैली के दौरान ऐपिडिमियोलोजिस्ट डॉ. राहुल श्रीवास्तव व ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य रमेश चंद बैरवा, रजा साबरी, सलमान खान, आर के सोनी, पुर्ति जैन, आषा शर्मा, टिंकु राय, राजेश सैनी सहित कई विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान

फुलेरा, (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल के तत्वावधान में पिछले कई दिनों से विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' 'आजादी की रेलगाडी और स्टेशन' के अंतर्गत मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के कॉन-कोर्स हॉल में गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जयपुर स्टेशन निदेशक गुलाब चन्द गुप्ता व सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी वीना सानी के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी स्व. कृष्ण चन्द गुप्ता के पुत्र नवीन कुमार गुप्ता, नानू लाल सैनी के पुत्र कैलाश सैनी को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मण्डल के कर्मचारीयों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ का वादा खिलाफी अभियान शुरू

**टोंक, (निसं)।** पंचायत समिति पीपलू में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा पीपलू के पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्य सरकार के खिलाफ वादा खिलाफी आक्रोश आंदोलन की शुरुआत करते हुए पंचायत समिति कार्यालय के सामने नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया।

इसके बाद उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी को राज्य सरकार के नाम 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष महेशकुमार विजय ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान संघ के द्वारा किए गए आंदोलन को लेकर 1 अक्टूबर 2021 को किए गए समझौते में मुख्यमंत्री ने 15 नवंबर तक मांगें मानने का आश्वासन दिया था। समय पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर संघ ने दिसंबर में दुबारा आंदोलन किया गया, जिसके बाद 11 दिसंबर 2021 को सरकार के मंत्री के द्वारा फिर से 30 से 45 दिन में मांगें माने जाने को लेकर आश्वासन दिया गया, लेकिन दो बार दिए गए आश्वासनों के बावजूद मांगों को लेकर आदेश जारी नहीं किए गए, जिसको लेकर अब फिर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके चलते वादा खिलाफी आक्रोश आंदोलन शुरु करते हुए ज्ञापन देकर विरोध जताया गया है। सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने राजकीय सोशल मीडिया ग्रुप से लेफ्ट होते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वामित्व योजना का भी बहिष्कार शुरु किया है। साथ ही पंचायत समिति के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों के मोबाइल नंबर ब्लॉक किए गए हैं। इस मौके उपशाखा अध्यक्ष महेशकुमार विजय, उपाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, ब्लॉक मंत्री लोकेश चौधरी, राजेन्द्रसिंह राजावत, सूर्यकांत प्रजापत, हरिशंकर चौधरी, प्रहलाद यादव, विशाल यादव, महेन्द्र गुर्जर, राशिद नूर, रामफूल गुर्जर एवं सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।



**ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा पीपलू के पदाधिकारियों ने पंचायत समिति कार्यालय के सामने नारेबाजी कर धरना दिया।**

## अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**पावटा, (निसं)।** प्रशासन शहरों संग अभियान में पट्टा वितरण को लेकर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के द्वारा एकल पट्टों के दुरुपयोग व अनाधिकृत रूप से काटी गई कॉलोनियों में हो रहे निर्माण कार्य को रोकने को लेकर अधिशासी अधिकारी हरि नारायण यादव को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि एकल पट्टा योजना में नगरपालिका क्षेत्र में काफी संख्या में भू माफियाओं द्वारा मिलीभगत करते हुए एकल पट्टे जारी किए गए थे। जिसमें पट्टा धारकों के द्वारा पट्टों का आवेदन करते समय यह बताया गया था कि इस भूमि को स्वयं के उपयोग या स्वयं के आवास उपयोग में ही लिया जाएगा। वहीं नगरपालिका द्वारा भी इसी नियमों पर पट्टे जारी किये गये थे। परंतु पट्टे जारी होने के बाद सभी नियमों की अनदेखी करते हुए वर्तमान में उन पर आवासीय कॉलोनी काट कर उन पर मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें नगरपालिका द्वारा पूर्ण रूप से अनदेखी की गई है। ग्रामीणों ने अधिशासी अधिकारी यादव से अपील करते हुए कहा कि उक्त पट्टों को निरस्त करते हुए पट्टा धारको पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए साथ ही अनाधिकृत रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवाया जाए।

# महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**शिविर में मास्टर ट्रेनर ने बालिकाओं को आत्मरक्षा गुर सिखाए।**

**टोंक, (निसं)।** पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टोंक द्वारा पीपलू क्षेत्र के विद्यालयों में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में करीब एक हजार बालिकाओं सहित विद्यालय के महिला स्टाफ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

टीम प्रभारी हैडकांस्टेबल अंजना चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलू में आयोजित शिविर में विद्यालय की बालिकाओं एवं स्टाफ सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं एवं स्टाफ शामिल हुआ। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनवाडा, संस्कार पब्लिक स्कूल में भी प्रशिक्षण दिया गया। हैड कांस्टेबल हेमराज ने बताया कि इन शिविरों में मास्टर ट्रेनर मधु, बीना, सरजू ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ बदमाशों को काबू करने के गुर सिखाए गए। टीम प्रभारी अंजना ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के साथ साथ उनमें आत्मविश्वास पैदा करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सभी से अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने तथा लोगों को प्रेरित करने का भी संकल्प दिलाया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलू की एक छात्रा के जन्मदिन होने पर उसके हाथों से विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके प्रधानाचार्य ललिता बडीवाल, केजीबीवी प्रधानाचार्य सीमा वैष्णव, गायत्री बोहरा, केएम बैरवा, शिवराम चौधरी, महेश कुमार, विनोद, राहुल मीणा, सविता, रेखा, अनुपम एवं खेमराज आदि स्टॉफ मौजूद रहा।



यह एक खुला रहस्य है कि श्रेयस को शॉर्ट गेंदों से बड़ी समस्या है। अब अधिकतर टीमें उनके ख़िलाफ़ शार्ट गेंदों की रणनीति अपना रही है और उनके शरीर को निशाना बनाकर बाउंसर फेंक रही है। अब यह श्रेयस के ऊपर है कि वह अपनी इस कमज़ोरी को कैसे दूर करेंगे। - स्कॉट स्टायरिस

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर, श्रेयस अय्यर के बारे में






**आज का खिलाड़ी** नोवाक जोकोविच



21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच अमेरिका की कोरोना वैक्सीन नीति के कारण इस साल की आखिरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता यूएस ओपन से बाहर रह सकते हैं। अमेरिकी नियमों के अनुसार, देश में प्रवेश के लिये कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवाना ज़रूरी है। सर्बिया के जोकोविच ने वैक्सीन नहीं लगवाई है और वह अपने वैक्सीन-विरोधी मत के कारण इस साल हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी बाहर रहे थे। अब, यूएस ओपन के आयोजकों ने कहा है कि वह अमेरिकी सरकार के कोविड-19 वैक्सीन नियमों का सम्मान करते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैण्ड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# भारत के बैकअप खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह पक्की करने का सुनहरा अवसर

## वेस्ट इंडिज से पहला एक दिवसीय आज

पोर्ट ऑफ स्पेन, 21 जुलाई। यह वनडे विश्व कप साल नहीं है। वेस्टइंडीज़ और भारत के बीच सीरीज़ विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा नहीं है। दोनों टीमों ने एक हफ़्ते से भी कम समय पहले अपने पिछले 50 ओवर के सीरीज़ को ख़त्म किया है। इंग्लैंड में सीमित ओवरों की दोनों सीरीज़ अपने नाम करने के बाद भारत ने रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है, जबकि केएल राहुल हर्निया की सर्जरी के बाद रिकवरी की राह पर हैं। इसका मतलब है कि भारत के कुछ बैकअप खिलाड़ियों को कार्यवाहक कप्तान शिखर धवन के नेतृत्व में इंग्लैंड की तुलना में एक मैच के बजाय पूरी सीरीज़ मिलेगी।

दूसरी ओर वेस्टइंडीज़ वनडे में लगातार छह मैचों में हार कर आ रही है। इस साल वनडे में उनका जीत-हार अनुपात सबसे ख़राब में से एक है। चीज़ों को वापस पटरी पर लाने के लिए वेस्टइंडीज़ के कप्तान निकोलस पूरन और कोच फ़िल सिमंस ने अपने खिलाड़ियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वे पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाज़ी करें, कुछ ऐसा जो उन्होंने हाल ही में संघर्ष किया है। जनवरी 2021 से वेस्टइंडीज़ ने वनडे में 12 बार पहले बल्लेबाज़ी की है; नौ मौक़ों पर वे अपने पूरे ओवर खेलने में विफल रहे हैं।

मेज़बान टीम के लिए अच्छी ख़बर है, जेसन होल्डर बांग्लादेश सीरीज़ से आराम के बाद वापसी कर रहे हैं। उनकी उपस्थिति टीम को न केवल गेंदबाज़ी विभाग में बल्कि निचले मध्य क्रम में भी आवश्यक अनुभव प्रदान करेगी।

निकोलस पूरन, वेस्टइंडीज़ की बांग्लादेश के ख़िलाफ़ सीमित ओवरों की सीरीज़ के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। मेज़बान टीम को अगर भारत को चुनौती देनी है तो पूरन को एक बार फिर से मोर्चा संभालना होगा। वेस्टइंडीज़ के नज़रिए से अच्छी बात यह है कि उसके कप्तान का भारत के ख़िलाफ़ शानदार रिकॉर्ड है: नौ पारियों में 44.25 की औसत और 107.59 के स्ट्राइक रेट से 354 रन।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की ग़ैरमौजूदगी में शिखर धवन भारत के लिए अहम होंगे। शिखर धवन भले ही सीरीज़ के लिए कार्यवाहक कप्तान हों, लेकिन बल्ले से उनका हालिया फ़ॉर्म अच्छा नहीं रहा है। धवन ने अपने पिछले पांच वनडे मैचों में 28 की औसत और 61.53 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए हैं। उन्होंने इस फ़ॉर्मेट में आख़िरी बार शतक बनाया था तब से अब तक 20 पारियां हो चुकी हैं। अनुभवी खिलाड़ियों की ग़ैरमौजूदगी में भारत चाहेगा कि धवन अपनी फ़ॉर्म वापस पाएं।

कीमो पॉल ने हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद बांग्लादेश के ख़िलाफ़ अंतिम वनडे में गेंदबाज़ी नहीं की थी। जहां सिमंस उनके ठीक होने से ख़ुश हैं, वहीं वेस्टइंडीज़ मैच की पूर्व संध्या पर उनको शामिल करने पर फ़ैसला करेगा। होल्डर और काइल मेयर्स टीम में अन्य तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के रूप में हैं। वेस्टइंडीज़, कीमो पॉल के साथ जल्दबाज़ी नहीं करना चाहेगा। पॉल के अलावा केस कार्टी 13 सदस्यीय टीम से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी हो सकते हैं।

भारत को बहुत सारे फ़ैसले लेने हैं। धवन के साथ कौन ओपनिंग करेगा? कैसा दिखेगा तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण? क्या भारत 8वें नंबर पर शार्दुल ठाकुर को खिलाएगा? वे धवन के साथ ओपनिंग करने के लिए ऋतुराज गायकवाड़, इशान किशन और शुभमन गिल में से चुन सकते हैं। मोहम्मद सिराज, आवेश ख़ान, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह भारत के तेज गेंदबाज़ी विकल्प हैं। हालांकि अक्षर पटेल को उपकप्तान रवींद्र जडेजा के होने पर टीम में जगह मिलने में मुश्किल हो सकती है।

भारत (संभावित): 1 शिखर धवन (कप्तान), 2 ऋतुराज गायकवाड/इशान किशन (विकेटकीपर), 3 श्रेयस अय्यर, 4 दीपक हूड्डा, 5 संजू सैमसन (विकेटकीपर), 6 सूर्यकुमार यादव, 7 रवींद्र जाडेजा, 8 शार्दुल ठाकुर, 9 आवेश ख़ान/प्रसिद्ध कृष्णा, 10 युज़वेंद्र चहल, 11 मोहम्मद सिराज

वेस्टइंडीज़ (संभावित): 1 शे होप (विकेटकीपर), 2 ब्रैंडन किंग, 3 शमार ब्रूक्स, 4 काइल मेयर्स, 5 निकोलस पूरन (कप्तान), 6 रोवमन पॉवेल, 7 जेसन होल्डर, 8 अकील होसैन, 9 अल्ज़ारी जोसेफ़, 10 गुडाकेश मोती, 11 जेडेन सील्स

पूरन ने गयाना में बांग्लादेश के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पिचों की आलोचना करने के बाद, क्वींस पार्क ओवल से बल्ले और गेंद के बीच बेहतर प्रतियोगिता की पेशकश करने की उम्मीद की। सिमंस के अनुसार यहां की सतहें बेहतर तरीक़े से तैयार दिखती हैं, लेकिन इस वेन्यू ने आख़िरी बार 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मैच की मेज़बानी की थी। मौसम: आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है और तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## आयरलैंड को 88 रन से हराकर न्यूज़ीलैंड ने सीरीज़ जीती

बेलफास्ट, 21 जुलाई। न्यूज़ीलैंड ने डेन क्लीवर (78) के अर्द्धशतक और माइकल ब्रेसवेल (पांच गेंद, तीन विकेट) की हैट्रिक की बदौलत आयरलैंड को दूसरे टी20 मैच में 88 रन से मात दी। न्यूज़ीलैंड ने इस जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है।

ब्लैक कैप्स ने बुधवार को खेले गये मैच में आयरलैंड के सामने 20 ओवर में 180 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में आयरलैंड 91 रन पर ऑलआउट हो गयी। न्यूज़ीलैंड के लिये क्लीवर ने सर्वाधिक 78(55) रन बनाये, जबकि फिन ऐलेन ने 35(20) और ग्लेन फ़िलिप्स ने 23(16) रन बनाये।

इस मैच में कीवी टीम के स्टार माइकल ब्रेसवेल रहे। बल्ले से 14 रन का अहम योगदान देने के बाह उन्होंने अपने पहले ओवर में ही हैट्रिक ली। ब्रेसवेल ने अपने ओवर में पांच गेंदें डालीं जिसमें उन्होंने मार्क एडेयर, बैरी मेककार्थी और क्रेग यंग का विकेट लिया। आयरलैंड के बल्लेबाज़ों के पास न्यूज़ीलैंड की धारदार गेंदबाज़ी का कोई जवाब नहीं था। आयरिश टीम के लिये एडेयर ने सर्वाधिक 27 रन बनाये जबकि पॉल स्टर्लिंग ने 21 रन की पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज़ 20 रन भी नहीं बना सका। ब्लैक कैप्स के लिये ब्रेसवेल-ईश सोधी ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि जेकब डफी ने दो और लोकी फर्ग्यूसन ने एक विकेट लिया।

# बीसीसीआई संविधान संशोधन मामले में 28 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 21 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट 28 जुलाई को बीसीसीआई के संविधान में संशोधन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। मांगे गए संशोधन की अनुमति मिलने पर बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली, बोर्ड सचिव जय शाह और अन्य पदाधिकारी 2025 तक सत्ता में बने रह सकते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह को इस मामले में नया न्यायमित्र नियुक्त किया है।

मनिंदर सिंह ने पीएस नरसिम्हा द्वारा पिछले साल खाली किए गए न्यायमित्र का पद संभाला, जिन्हें 2021 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत दिया गया था। बीसीसीआई के नए संविधान को अंतिम रूप देने और बोर्ड चुनावों की सुविधा के लिए प्रशासकों की समिति (सीओए) की मदद करने के लिए अदालत ने 2019 में न्यायमूर्ति नरसिम्हा को न्याय मित्र नियुक्त किया था, जिन्होंने अंतत: 23 अक्टूबर 2019 को पदभार संभाला था। उन्होंने अदालत द्वारा नियुक्त सीओए द्वारा 30 महीने की निगरानी समाप्त कर दी गई, जिसने आरएम लोढ़ा समिति की सिफ़ारिशों का उपयोग करते हुए बीसीसीआई के नए संविधान का ड्राफ़्ट तैयार किया था, जिसे जुलाई 2016 में एक ऐतिहासिक फ़ैसले में अदालत द्वारा अनिवार्य किया गया था।

फिर अगस्त 2018 में न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने बीसीसीआई के नए संविधान को मंजूरी देते हुए एक निर्णय पारित किया। हालांकि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के नेतृत्व में वर्तमान बीसीसीआई प्रशासन ने बोर्ड के संविधान में संशोधन की मांग करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की, जिसे अगर मंजूरी मिल जाती है, तो लोढ़ा समिति द्वारा किए गए महत्वपूर्ण सुधारों को वापस ले लिया जाएगा।

बीसीसीआई ने अप्रैल 2020 में एक दूसरा एप्लिकेशन दायर किया जहां उसने तर्क दिया कि अनिवार्य कूलिंग ऑफ़ पीरियड (तीन वर्ष) जिसे एक पदाधिकारी को लगातार दो कार्यकाल (छह वर्ष) पूरा करने पर सामना करना पड़ता है, इसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने लोढ़ा समिति की सिफ़ारिश के आधार को बरक़रार रखते हुए अपने 2018 के फ़ैसले में कूलिंग ऑफ़ पीरियड क्लॉज़ (तीन साल से छह साल) को पहले ही बदल दिया था।

# सिमंस ने वेस्टइंडीज़ बल्लेबाज़ों से बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया

पोर्ट ऑफ़ स्पेन, 21 जुलाई। वेस्टइंडीज़ के प्रमुख कोच फ़िल सिमंस का मानना है कि अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से पहले टीम की सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी कि वह बल्लेबाज़ी करते हुए 50 ओवर तक टिकें। 2019 विश्व कप के बाद 39 पारियों में वेस्टइंडीज़ ने केवल छह बार पूरे 50 ओवर खेले हैं और 13 में से नौ सीरीज़ में उसे हार का सामना करना पड़ा है जिसमें इस साल घर पर आयरलैंड के विरुद्ध एक सीरीज़ शामिल है। भारत के ख़िलाफ़ पहले वनडे मैच से दो दिन पहले सिमंस ने कहा, "हमें 50 ओवर खेलने होंगे और इसके लिए अच्छी साझेदारियां निभानी होंगी। किसी ना किसी को शतक लगाने की ज़िम्मेदारी लेनी होगी।"

हाल ही में बांग्लादेश के ख़िलाफ़ वेस्टइंडीज़ ने एक बार भी विपक्ष को ऑल आउट नहीं किया लेकिन सिमंस ने गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "हम गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग में रोज़ सुधार देख रहे हैं। लोग कह सकते हैं कि हम और विकेट ले सकते थे लेकिन उन सब मैचों में भारी रोलर के चलने के बाद दूसरी पारी में विकेट बल्लेबाज़ी के लिए और आसान खेल रही थी। गेंदबाज़ अच्छा कर रहे हैं और हमें विपक्ष को बांधकर और विकेट निकालने होने होंगे।" सिमंस ने बल्लेबाज़ों पर भरोसा जताते हुए बताया कि काफ़ी हद तक उनकी मुश्किलें इस वजह से आई कि बांग्लादेश के ख़िलाफ़ तीनों मैच में प्रॉविडेंस की पिच भारतीय उपमहाद्वीप की किसी पिच की तरह खेली। बांग्लादेश से सीरीज़ 3-0 से हारने के बाद कप्तान निकोलस पूरन ने पिचों के व्यवहार पर निराशा जताई थी।

सिमंस ने कहा, "आप बल्लेबाज़ों की परख अच्छी विकेटों पर कर सकते हैं। हमारे बल्लेबाज़ों ने नीदरलैंड्स और पाकिस्तान में अच्छा किया था। उसके बाद घर पर ऐसी विकेटों पर आपको संघर्ष करना पड़ता है। हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि हम अधिक जुझारूपन के साथ बल्लेबाज़ी कर सकते थे। मुझे लगता है यह (पोर्ट-ऑफ़-स्पेन) विकेट बेहतर होंगे और मुझे यक़ीन है कि हमारी बल्लेबाज़ी भी बेहतर होगी।"

सिमंस ने बताया कि मैदान पर दो अभ्यास सत्रों में उन्होंने वेस्टइंडीज़ के बल्लेबाज़ों में कुछ अच्छी बातें देखी हैं। हालांकि मैच के लिए तैयार की गई पिच के बर्ताव पर टिप्पणी करना आसान नहीं होगा क्योंकि इस मैदान पर अगस्त 2019 के बाद कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला गया।

सिमंस ने इस मैदान की प्रॉविडेंस के साथ तुलना करते हुए कहा, "यहां के मैदान पर ज़्यादा काम किया गया है। तीनों मैच अच्छी विकेटों पर खेले जाएंगे और हमें देखना होगा शुक्रवार की पिच कैसी होगी। मुझे बेहतर बल्लेबाज़ी की पूरी उम्मीद है। मुझे बहाने बनाना पसंद नहीं लेकिन तीसरे वनडे में कुछ हद तक हमने वह किया जो हमें पहले भी करना चाहिए था। यहां विकेट बेहतर है और बावजूद इसके कि भारत का गेंदबाज़ी क्रम भी अधिक शक्तिशाली होगा, मुझे लगता है हम बल्लेबाज़ी में सुधार देखेंगे।"

बांग्लादेश के विरुद्ध आख़िरी मुक़ाबले में ऑलराउंडर कीमो पॉल ने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के चलते गेंदबाज़ी नहीं की थी। पिछले दो सालों में वह कई बार चोटग्रस्त हुए हैं और सिमंस ने बताया कि पहले मैच में एकादश में उनकी जगह को लेकर निर्णय मैच से एक दिन पहले ही हो पाएगा। उन्होंने कहा, "वह स्वस्थ्य नज़र आते हैं। उन्होंने फ़िज़ियो और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के साथ पिछले दो दिनों से अच्छा काम किया है। वह मैच खेलने के लिए तैयार है या नहीं यह फ़ैसला हम कल ही ले पाएंगे।"

## अन्नू रानी लगातार दूसरे चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचीं

यूजीन, 21 जुलाई। भारत की अन्नू रानी ने बुधवार (भारत में गुरुवार सुबह) को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला जैवलिन थ्रो के लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाई।

अन्नू इससे पहले दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप 2019 में भी फाइनल में पहुंची थीं। वह दोहा में 61.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं। 29 वर्षीय भारतीय को क्वालिफिकेशन राउंड में ग्रुप बी में रखा गया था और उन्होंने फाउल थ्रो के साथ शुरुआत की। उन्होंने दूसरे प्रयास में 55.35 मीटर का वैध थ्रो रिकॉर्ड किया, लेकिन वह उन्हें फाइनल में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो तीसरे प्रयास में आया जहां उन्होंने जैवलिन को 59.60 मीटर दूर फेंककर फाइनल में जगह बनायी। इसी बीच, पारुल चौधरी 3000 मीटर फाइनल में जगह बनाने से चूक गयीं। वह 37 प्रतियोगियों की दौड़ में 15:54.03 के प्रयास के साथ 31वें स्थान पर रहीं।

प्रत्येक दो हीट में से केवल शीर्ष पांच और अगले पांच सबसे तेज ने फाइनल के लिए जगह बनाई। इससे पहले, चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में 9:38.09 का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया था।

# पुजारा ने जड़ा तीसरा दोहरा शतक, डेब्यू पर सुंदर और सैनी ने खोला पंजा

लंदन, 21 जुलाई। काउंटी चैंपियनशिप के वर्तमान सीज़न में तीसरा दोहरा शतक लगाकर भारतीय बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में अर्जित किया है। मैच के दूसरे दिन 200 रन पूरे करते ही पुजारा लॉर्ड्स में मिडिलसेक्स के विरुद्ध ससेक्स की ओर से दोहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गए। उनसे पहले केवल कर्नल श्री रंजीतसिंहजी विभाजी द्वितीय ने 125 साल पहले लॉर्ड्स में दोहरा शतक जड़ा था। हालांकि यह मैच मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के विरुद्ध खेला गया था।

पुजारा से पहले ब्रैड हॉज ने 2004 में एक सीज़न में तीन दोहरे शतक जड़े थे। इसके अलावा पुजारा 1904 के बाद एक सीज़न में तीन पारियों में 200 से अधिक रन बनाने वाले ससेक्स के पहले बल्लेबाज़ बन गए हैं। पहले दिन बनाए 115 रनों से अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए पुजारा ने धैर्य दिखाया और क्लासिकल अंदाज़ में टेस्ट मैच बल्लेबाज़ी की। अपने सटीक स्ट्रोक के साथ उन्होंने एक गर्म दोपहर में विपक्षी गेंदबाज़ों के पसीने छुड़ाए। लगभग नौ घंटे क्रीज़ पर बिताने के बाद पुजारा आख़िरकार आउट हुए। हालांकि



पवेलियन जाने से पहले उन्होंने टीम के स्कोर को 523 पर पहुंचाया जो ससेक्स के इतिहास का सर्वाधिक स्कोर है। जहां पुजारा ने एक बार फिर सभी को प्रभावित किया, तेज़ गेंदबाज़ उमेश यादव अपनी छाप नहीं छोड़ पाए। 29 ओवर गेंदबाज़ करने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

वहीं लंकाशायर की ओर से अपना डेब्यू मैच खेल रहे वॉशिंगटन सुंदर ने पहले दिन चार विकेट लेने के बाद बुधवार को पांचवां शिकार किया। अर्धशतक बनाकर खेल रहे विकेटकीपर लुइस मक्मैग्नस को उन्होंने कीटन जेनिंग्स के हाथों कैच आउट करवाया। इन पांच विकेटों के लिए सुंदर को कुल 22 ओवर गेंदबाज़ी करनी पड़ी।

हालांकि गेंद के साथ कमाल करने वाले सुंदर बल्ले के साथ कुछ ख़ास नहीं कर पाए। नौ गेंदों का सामना करने के बाद वह तेज़ गेंदबाज़ जैक व्हाइट के पांचवें शिकार बने। सुंदर ने अपनी पहली काउंटी पारी में मात्र दो रन बनाए। 235 के स्कोर पर नॉर्थैंप्टनशायर को रोकने के बाद लैंकशायर की टीम महज़ 132 रनों पर सिमट गई और अब उसे वापसी करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा।

## नॉर्वे के खिलाफ खेलने के लिये भारतीय डेविस कप टीम घोषित

नयी दिल्ली, 21 जुलाई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरुवार को डेविस कप के लिये भारतीय टीम की घोषणा की। यह टीम डेविस कप के विश्व ग्रुप-1 मुकाबलों में 16-17 सितंबर को नॉर्वे का नॉर्वे में सामना करेगी। एआईटीए की चयनकर्ता समिति ने रामकुमार रामाथन, प्रजनेश गुनेश्वरन, रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, मुकुंद शशिकुमार और सुमित नागल को टीम में शामिल किया है।

रोहित राजपाल डेविस कप में भारत की कप्तानी करेंगे जबकि ज़ीशान अली टीम के कोच होंगे। भारत और नॉर्वे पहली बार डेविस कप में आमने-सामने होंगे, जहां दोनों टीमें एक युगल और चार एकल मैच खेलेंगी।

भारत ने एक बार भी डेविस कप का ख़िताब नहीं जीता है, हालांकि टीम 1966, 1974 और 1987 में दूसरे स्थान पर रह चुकी है।

## केएल राहुल कोरोना पॉजिटिव

मुंबई, 21 जुलाई। भारत के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल गुरूवार को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाये गये जिसके कारण उनका 29 जुलाई से तारौबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यहां बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद राहुल के बारे में सूचना दी। राहुल ने गुरूवार को बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में 'लेवल-3 कोच सर्टिफिकेशन कोर्स' में भाग लेने आये उम्मीदवारों को संबोधित किया था। राहुल का हाल में जर्मनी में हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। उन्हें शुक्रवार से पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही वनडे श्रृंखला में आराम दिया गया था।

गांगुली ने यह भी सूचित किया कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिये जाने वाली भारतीय महिला टीम की एक सदस्य भी कोविड-19 पॉजिटिव थीं। उन्होंने हालांकि खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया।

# विश्व खिताब पर नीरज की नज़र

यूजीन, 21 जुलाई। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के लिये पहला ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले नीरज चोपड़ा गुरुवार (भारत में शुक्रवार सुबह) को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भारत का सूखा समाप्त करना चाहेंगे।

भारत ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एकलौता पदक 2003 में जीता था, जब अंजू बॉबी जॉर्ज ने लंबी कूद प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया था। अब शीर्ष जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 19 साल बाद भारत के पदक की उम्मीद बनकर प्रतियोगिता में उतरेंगे।

नीरज अपने स्वर्णिम करियर में ओलंपिक, एशियाई खेल, अंडर-20 विश्व, राष्ट्रमंडल खेल और डायमंड लीग में पदक जीत चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप एकलौता महत्वपूर्ण आयोजन है जहां उन्होंने अब तक पदक नहीं जीता।

इस बार उनसे यह उपलब्धि भी हासिल करने की



उम्मीद की जा रही है। पिछले महीने अपना 2022 सत्र शुरू करने वाले नीरज तीन प्रतियोगिताओं में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत फिनलैंड के पावो नुर्मी खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक जीतकर की थी। इसके बाद उन्होंने कुओरटाने खेलों में स्वर्ण जीता, जबकि स्टॉकहोम डायमंड लीग में उन्होंने दोबारा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए 89.94 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

दो क्वालीफाइंग समूहों में कुल 32 भाला फेंक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शनिवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। फाइनल के लिए स्वत: योग्यता अंक 83.50 मीटर है और चोपड़ा बिना किसी झंझट के इसे हासिल करने की कोशिश करेंगे।

नीरज का सामना ग्रेनाडा के मौजूदा चैंपियन एंडरसन पीटर्स से होगा, जिन्होंने इस साल तीन बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है।

फ़िनलैंड के ओलिवर हेलैंडर, टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य), जर्मनी के जूलियन वेबर और लंदन ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट अन्य स्टार थ्रोअर होंगे जो मौजूदा ओलंपिक चैंपियन को कड़ी टक्कर देंगे।

## अभी बाकी है प्रीमियर लीग का रोमांच

नयी दिल्ली, 21 जुलाई। एक दिन के विश्राम के बाद 22 जुलाई को दिल्ली फुटबाल प्रीमियर लीग के दो ऐसे महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाने हैं, जिनसे आगे की तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। पहला मैच वाटिका और भारतीय वायु सेना के बीच, जबकि दूसरा दिल्ली एफसी और उत्तराखंड में खेला जाएगा।

वाटिका पहली बार दिल्ली लीग में प्रविष्ट हुई है। एक जीत और एक हार के साथ वाटिका आगे की दौड़ के लिए तैयार नजर आती है। हालांकि उसे दिल्ली के चैंपियन दिल्ली एफसी के हाथों करीबी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उस मैच में वाटिका का पलड़ा कमजोर कदापि नहीं था। भारतीय वायुसेना दो जीत से सुदेवा क्लब के साथ टॉप पर चल रही है। गढ़वाल एफसी ने एक जीत और एक ड्रा से अपने प्रशंसकों को उम्मीद जगाई है लेकिन दिल्ली एफ सी की तरह गढ़वाल की भी असल परीक्षा होनी बाकी है।

हिंदुस्तान, फ्रेंड्स यूनाइटेड और तरुनसंघा की हालत खराब है। खासकर तरुनसंघा अधिकाधिक गोल खाने की ओर बढ़ती नजर आती है। वायुसेना की उड़ान ऊंचाई पर है तो उत्तराखंड उलटफेर करने के मूड में है। इन सबके बीच युवा खिलाड़ियों से सजे सुदेवा दिल्ली एफसी को कमतर आंकना भूल होगी।

# 2022 में भारत के सात कप्तान होना क्या एक विश्व रिकॉर्ड है?

नयी दिल्ली, 21 जुलाई। वेस्टइंडीज़ के विरुद्ध 22 जुलाई से शुरू हो रही वनडे सीरीज़ में शिखर धवन इस साल भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाले सातवें खिलाड़ी बनेंगे। पिछले दो दशकों में कई बार अंतर्राष्ट्रीय टीमों को एक साल के भीतर कप्तानी में बदलाव करने पड़े हैं। नज़र डालते हैं पांच पुरुष अंतर्राष्ट्रीय टीमों पर जिन्होंने एक वर्ष में पांच से अधिक कप्तानों का उपयोग किया है।

**भारत, 2022 : सात कप्तान**

पीठ की चोट के चलते विराट कोहली के मैच से बाहर होने के बाद केएल राहुल ने जोहानसबर्ग टेस्ट में टीम की कप्तानी की थी। 1-2 से सीरीज़ हारने के बाद कोहली ने टेस्ट कप्तानी त्याग दी थी जिसके बाद रोहित शर्मा को तीनों प्रारूपों में टीम का कप्तान बनाया गया। हालांकि राहुल को वनडे सीरीज़ में चोटिल रोहित की जगह टीम की कमान सौंपी गई थी।

घर पर श्रीलंका और वेस्टइंडीज़ के विरुद्ध रोहित टीम के कप्तान थे और टीम ने लगातार 11 मैचों में जीत दर्ज की। हालांकि आईपीएल के बाद भारत को नए कप्तान का रुख़ करना पड़ा जब रोहित और राहुल दोनों अनुपस्थित थे। तब ऋषभ पंत को साउथ अफ़्रीका के विरुद्ध टी20 सीरीज़ के लिए कप्तान बनाया गया था।

इसके बाद भारतीय टीम को आयरलैंड में टी20 सीरीज़ के साथ-साथ इंग्लैंड में टेस्ट मैच की तैयारी करनी थी। ऐसे में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में एक टीम आयरलैंड गई जबकि कोरोना संक्रमित रोहित की जगह जसप्रीत बुमराह ने एजबेस्टन में टेस्ट टीम की कप्तानी की। वनडे और टी20 सीरीज़ के लिए रोहित ने टीम में वापसी की लेकिन अब वेस्टइंडीज़ वनडे सीरीज़ के लिए उन्हें आराम दिया गया है। उनकी जगह धवन कप्तानी करेंगे। इससे पहले धवन पिछले साल श्रीलंका में एक युवा भारतीय वनडे टीम का नेतृत्व कर चुके हैं।

**श्रीलंका, 2017 : सात कप्तान**

इस साल भारत से पहले केवल एक पुरुष टीम ने एक वर्ष में सात अलग कप्तानों की नियुक्ति की थी। पांच वर्ष पहले श्रीलंका ने ऐसा किया था। दक्षिण अफ़्रीका दौरे पर टीम के नियमित कप्तान ऐंजेलो मैथ्यूज़ ने दो टेस्ट और दो टी20 मैचों में कप्तानी की जिसके बाद हैमस्ट्रिंग की चोट ने उन्हें पांच महीनों के लिए दरकिनार कर दिया। दिनेश चांदीमल ने एक टी20 मैच में कप्तानी करते हुए 2-1 से सीरीज़ जिताई लेकिन वनडे सीरीज़ में कमान उपुल थरंगा को सौंपी गई।

जहां सीमित ओवर मैचों में थरंगा कप्तानी कर रहे थे, रंगना हेराथ ने तीन टेस्ट मैचों में कप्तान की भूमिका निभाई। जब चैंपियंस ट्रॉफ़ी में धीमे ओवर रेट के कारण थरंगा पर प्रतिबंध लगा, मैथ्यूज़ ने टीम की कप्तानी की लेकिन घर पर ज़िम्बाब्वे के विरुद्ध वनडे सीरीज़ हारने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफ़ा दे दिया। चांदीमल को टेस्ट कप्तान बनाया गया और थरंगा वनडे और टी20 टीम की ज़िम्मेदारी संभाल रहे थे। हालांकि इस दौरान लसिथ मलिंगा और चमारा कापुगेदरा ने एक-एक वनडे में कप्तानी की थी। अक्तूबर में थिसारा परेरा एक साल में श्रीलंका के सातवें कप्तान बने जब कई खिलाड़ियों ने यूएई में पाकिस्तान के विरुद्ध होने वाली टी20 सीरीज़ से नाम वापस ले लिया था। इसका कारण यह था कि सीरीज़ का अंतिम मैच लाहौर में खेला जाना था।

**ज़िम्बाब्वे, 2001 : छह कप्तान**

2001 में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रही ज़िम्बाब्वे को नेतृत्व की उथल-पुथल से गुज़रना पड़ा। साल के पहले छह महीनों में हीथ स्ट्रीक टीम के कप्तान थे और टीम ने न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज़ के साथ-साथ भारत के ख़िलाफ़ ऐतिहासिक टेस्ट जीत दर्ज की थी।हालांकि वेतन और कोटा को लेकर बोर्ड से असहमति के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। स्ट्रीक के अचानक इस्तीफ़े की विवादास्पद परिस्थितियों के कारण, गाय व्हिटल ने शुरू में भारत और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घरेलू त्रिकोणीय सीरीज़ के लिए टीम का नेतृत्व करने से इनकार कर दिया। ग्रांट फ़्लावर ने शुरुआती मैच में कप्तानी की लेकिन स्ट्रीक दूसरे मैच के लिए कप्तानी पद पर लौट आए। इसके बाद व्हिटॉल अंतत: तीन मैचों में ज़िम्बाब्वे के तीसरे कप्तान बने।

जुलाई में स्ट्रीक को फिर से कप्तान नियुक्त किया गया लेकिन उन्होंने अपनी गेंदबाज़ी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन महीने बाद फिर से इस्तीफ़ा दे दिया। लेग स्पिनर ब्रायन मर्फ़ी ने शारजाह में एक त्रिकोणीय सीरीज़ के लिए उनकी जगह ली, जबकि वर्ष के अंत तक ऐलेस्टर कैंपबेल और स्टुअर्ट कार्लाइल ने भी टीम की कप्तानी की।

**इंग्लैंड, 2011 : छह कप्तान**

इंग्लैंड ने साल की शुरुआत ऐंड्रयू स्ट्रॉस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया में 3-2 से ऐशेज़ सीरीज़ जीतकर की थी। एक साल पहले टीम को पहली बार टी20 विश्व विजेता बनाने वाले पॉल कॉलिंगवुड ने दो टी20 मैचों में टीम की कप्तानी की और फिर स्ट्रॉस वनडे सीरीज़ के लिए वापस लौट आए।

वनडे विश्व कप के सेमीफ़ाइनल में जगह बनाने से चूकने के बाद स्ट्रॉस ने वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफ़ा दे दिया। इंग्लैंड के चयनकर्ताओं ने स्ट्रॉस को टेस्ट कप्तान बनाए रखा और वनडे और टी20 टीम की कमान क्रमश: ऐलेस्टर कुक और स्टुअर्ट ब्रॉड को सौंप दी। जब आयरलैंड के विरुद्ध वनडे के लिए कुक को आराम दिया गया, डबलिन में जन्में ओएन मॉर्गन ने कप्तान की भूमिका निभाई। इसके बाद चोटिल मॉर्गन और ब्रॉड की जगह ग्रीम स्वॉन को तीन टी20 मैचों में कप्तानी करने का अवसर मिला।

**ऑस्ट्रेलिया, 2021 : छह कप्तान**

पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया को भारत के हाथों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में हार का सामना करना पड़ा। यह टेस्ट कप्तान टिम पेन की आख़िरी सीरीज़ साबित हुई। ऐशेज़ से पहले एक महिला सहकर्मी को भेजे गए उनके अश्लील संदेश मीडिया में सामने आए और उन्होंने कप्तानी पद से इस्तीफ़ा दे दिया। पैट कमिंस नए टेस्ट कप्तान बने और अपनी पहली सीरीज़ में उन्होंने 4-0 से जीत दर्ज की। हालांकि एडिलेड टेस्ट से पहले एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति के क़रीबी संपर्क के रूप में पहचाने जाने के कारण उन्हें मैच से बाहर बैठना पड़ा। इसके चलते स्टीव स्मिथ को तीन सालों बाद टीम की कप्तानी करने का मौक़ा मिला।

वहीं नियमित कप्तान आरोन फ़िंच को घुटने में लगी चोट के कारण ऐलेक्स कैरी को वेस्टइंडीज़ के विरुद्ध वनडे सीरीज़ के लिए कप्तान बनाया गया। अगस्त में जब पहली पसंद के कई खिलाड़ियों को टी20 टीम से आराम दिया गया तब मैथ्यू वेड ने बांग्लादेश सीरीज़ में टीम का नेतृत्व किया। अंत में फ़िंच ने टीम में वापसी करते हुए उन्हें पहला टी20 विश्व कप ख़िताब दिलाया।



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ई.डी. की पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर पुलिस ने सभी नेताओं को हिरासत में ले लिया। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, सांसद शशि थरुर, दीपेंद्र सिंह हुड्डा अधीर रंजन चौधरी, प्रमोद तिवारी, पवन बंसल, कुलदीप इंदौरा सहित कई अन्य नेताओं को मुखर्जी नगर (नई दिल्ली) थाने ले जाया गया।

# द्रौपदी मुर्मू ने रचा इतिहास, राष्ट्रपति चुनाव में दर्ज की रिकॉर्ड जीत

## द्रौपदी मुर्मू देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति हैं

- **इस चुनाव में मुर्मू को एन.डी.ए. में शामिल दलों के अलावा कई विपक्षी दलों के सांसदों और विधायकों का भी समर्थन मिला। मतगणना के रुझानों से यह झलक मिली कि, उन्हें पार्टी लाइन से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला है।**
- **अनुमान के मुताबिक द्रौपदी मुर्मू को करीब 64-65 प्रतिशत वोट मिले हैं।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई (वार्ता)। द्रौपदी मुर्मू (64) देश की 15वीं राष्ट्रपति होंगी। वह इस पद पर पहुंचने वाली आदिवासी समाज की पहली नेता हैं।

मुर्मू ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को भारी अंतर से हराया। मतगणना के नतीजों के औपचारिक घोषणा होने से पहले ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार मुर्मू ने विपक्षी उम्मीदवार के खिलाफ काफी बड़ी बढ़त बना ली थी और उन्हें देशभर से बधाईयां मिलनी शुरू हो गयी थीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने देश के सूदूर पूर्वी इलाके के एक गांव में पैदा एक आदिवासी महिला को 1.3 अरब की आबादी वाले विशाल लोकतंत्र के सर्वोच्च पद के लिए चुन कर आज एक इतिहास रचा है।

इस चुनाव में मुर्मू को एन.डी.ए. में शामिल दलों के अलावा कई विपक्षी दलों के सांसदों और विधायकों का भी समर्थन मिला। मतगणना के रुझानों से यह झलक मिली कि जनप्रतिनिधियों का उनकी पार्टी लाइन से ऊपर उठकर समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर मुर्मू का समर्थन करने वाले सांसदों और विधायकों को धन्यवाद देते हुए ट्वीटर पर कहा,उनकी जीत हमारे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मुर्मू को जीत की बधाई देने वाले पहले लोगों में थे। दोनों नेताओं ने नई दिल्ली में मुर्मू के निवास स्थान पर जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और जीत की बधाई दी। विपक्ष के उम्मीदवार सिन्हा ने मतगणना की अंतिम घोषणा से पहले ही मुर्मू को जीत की बधाई दे दी थी। मुर्मू का जीवन संघर्ष पथ से शिखर पर पहुंचने की उतार-चढ़ाव भरी एक यात्रा की कहानी है। उन्होंने मयूरभंज जिले के आदिवासी गांव में जन्म लेकर जीवन के प्रारंभिक संघर्षों के बीच पढ़ाई और सरकारी नौकरी की और अध्यापन कार्य किया। उनका राजनीतिक जीवन 90 के उत्तरार्ध में शुरू हुआ, जब उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली और स्थानीय निकाय में पार्षद बनीं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को सम्पन्न हो रहा है। उनके बाद इस संवैधानिक पद और सेना के सर्वोच्च कमांडर का दायित्व मुर्मू के हाथ में होगा।

# नूपुर शर्मा को मारने आया रिज़वान पाकिस्तान में भी अपराधी

- **पाक घुसपैठिया रिज़वान कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक से जुड़ा है और इसी ने लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति तोड़ी थी, इस मामले में वह जेल भी जा चुका है।**
- **तहरीक-ए-लब्बैक संगठन ने पाकिस्तान में इमरान सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया था। इसी आंदोलन से प्रेरित होकर रिज़वान इस संगठन में शामिल हो गया था।**

श्रीगंगानगर, 21 जुलाई (कासं)। नूपुर शर्मा को मारने भारत आया घुसपैठिया रिजवान पाकिस्तान में इमरान सरकार को घेरने वाले कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक से जुड़ा है। संगठन ने एक पूरा प्लान बनाकर उसे भारत भेजा था। अब राजस्थान के श्रीगंगानगर में मिलिट्री इंटेलिजेंस और पुलिस उसके लोकल कनैक्शन को तलाश रही है।

सूत्रों के मुताबिक रिजवान ने ही अगस्त 2021 में पाकिस्तान के लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति तोड़ी थी। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। श्रीगंगानगर आये एडीजी (सिक्योरिटी) एस. सेंगाथिर ने बताया कि 16 जुलाई की रात करीब 11 बजे श्रीगंगानगर से लगे हिन्दुमलकोट बॉर्डर फेंसिंग से रिजवान को पकड़ा गया था। एडीजी का कहना है कि बिना स्थानीय मदद के इतनी बड़ी वारदात की साजिश संभव नहीं है। पूछताछ के दौरान रिजवान ने तहरीक-ए-लब्बैक से जुड़े होने की बात कबूली है। अब ऐसे लोगों को ढूंढा जा रहा है जो सोशल मीडिया के जरिए इस संगठन के संपर्क में आये हैं।

जांच एजेंसियों की नजर हर उस मैसेज पर है जो पाकिस्तान से लगे बॉर्डर इलाके के लोगों को भेजे जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कुछ पाक संगठन लोगों को भड़का रहे हैं। घुसपैठिए के पास धार्मिक किताबों के अलावा कुछ भी नहीं मिला है। उसके पास मोबाइल या सिम नहीं मिली है। वह बार-बार बस कहता है कि नूपुर शर्मा को मारने आया है। आरोपी खुद को 8वीं पास बता रहा है। एजेंसियों के अनुसार वह काफी शातिर है और अपने कॉन्टैक्ट के बारे में कोई भी खुलासा नहीं कर रहा है।

रिजवान का बड़ा भाई इटली और छोटा भाई दुबई में रहता है। उसका कहना है कि उसे नूपुर शर्मा का घर कहां है, इस बारे में कुछ पता नहीं था। तहरीक-ए-लब्बैक संगठन ने पाकिस्तान में इमरान सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया था। इसी आंदोलन से प्रेरित होकर रिजवान संगठन में शामिल हो गया था। वह इस संगठन का सक्रिय सदस्य है। नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद इसी संगठन ने रिजवान को भारत में घुसपैठ के लिए तैयार किया। संगठन की शह पर रिजवान कुछ दूर तक बस और फिर पैदल चलकर आया था। हालांकि अब तक उसने उसे मदद करने वालों का खुलासा नहीं किया है।

तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान में कट्टर दक्षिणपंथी इस्लामी चरमपंथी राजनीतिक संगठन है। 2018 के आम चुनाव में उसे 22 लाख से अधिक वोट मिले थे। उसके तीन सदस्य पाकिस्तानी असेंबली में भी हैं। यह संगठन 2015 में अस्तित्व में आया था। इसकी स्थापना खामिद हुसैन रिजवी ने की थी। उसे भारत भेजने से पहले संगठन के जिला मुख्यालय मंडी बहाउद्दीन में ट्रेनिंग देकर उसका ब्रेनवॉश किया गया था। एडीजी ने कहा कि तहरीक-ए-लब्बैक ने घुसपैठिए को इस इलाके में प्लांट किया या वह खुद ही आया, इस बारे में साफतौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। आरोपी को 23 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया है।

# केन्द्र ने विज्ञापनों पर खर्च किये 911.17 करोड़ रु.

- **केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में यह जानकारी दी।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि, सरकार ने पिछले तीन सालों में समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और वेब पोर्टलों में विज्ञापनों पर 911.17 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से जून 2022 तक केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विज्ञापनों का भुगतान किया गया था।

ठाकुर ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से जून 2022 तक केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा विज्ञापनों का भुगतान किया गया था। गौरतलब है कि राज्यसभा सदस्यों ने सरकार से साल 2014 से वर्ष-वार और वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान मीडिया में विज्ञापन पर कुल खर्च का ब्यौरा मांगा था।

# "रीट" में डमी अभ्यर्थी बनने जा रहा अध्यापक गिरफ्तार

## 23 व 24 जुलाई को होने जा रही रीट परीक्षा में डमी परीक्षार्थी बनने वाला आईदानाराम वरिष्ठ अध्यापक है

- **पूर्व में भी वो नकल व फर्जीवाड़े के मामले में जेल जा चुका है।**
- **पुलिस वास्तविक परीक्षार्थी ओम प्रकाश को भी तलाश रही है।**

बाड़मेर, 21 जुलाई (निसं)। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) से पूर्व बाड़मेर पुलिस ने गुरूवार को एक डमी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। यह डमी अभ्यर्थी वरिष्ठ अध्यापक है जो 23 व 24 जुलाई को होने वाली रीट परीक्षा में किसी और की जगह फर्जी तरीके से परीक्षा देने के प्रयास में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डमी अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से परीक्षा संबंधी फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

बाड़मेर पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने बताया कि 23 व 24 जुलाई को आयोजित होने वाले रीट भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस एक अभियान के अन्तर्गत हल्के में निरन्तर गश्त कर रही है। इस दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आईदानराम पुत्र खैमाराम, निवासी चितलवाना थाना क्षेत्र आगामी रीट परीक्षा में ओमप्रकाश नाम के लड़के के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी के रूप में बैठकर परीक्षा देगा। आईदानाराम वर्तमान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जालिया में वरिष्ठ अध्यापक है।

इस सूचना पर पुलिस टीम ने आईदानराम के सारण नगर स्थित किराये के कमरे में दबिश देकर चैक किया तो कमरे में रीट परीक्षा से सम्बंधित फर्जी दस्तावेज, आधार कार्ड, ओमप्रकाश विश्नोई का कूटरचित रीट परीक्षा प्रवेश पत्र व खाली स्टाम्प मिले। उसके मोबाईल फोन में भी रीट परीक्षा सम्बधी आपत्तिजनक कटैन्ट मिले, जिनको बरामद किया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध पुलिस थाना ग्रामीण बाड़मेर ने मामला दर्ज किया है। वही ओमप्रकाश की तलाश की जा रही है। मामले की जांच व अग्रिम अनुसंधान महिला थानाधिकारी रामप्रतापसिह को सौपा गया है। एसपी दीपक भार्गव ने बताया कि आरोपी आईदानराम पूर्व में भी नकल व फर्जीवाड़े के मामलो में जेल जा चुका है।

## पचहत्तर वर्षीय सोनिया....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करना चाहते हैं।"

गहलोत ने कहा, "केवल इसी उद्देश्य के चलते, प्रधानमंत्री "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की व्यवस्था लाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें "उन अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के बाद "केबड़िया" बाँटने में कोई समस्या नही चलेगी, जो उनके राजनैतिक उद्देश्यों में उनकी मदद करेंगे।

इससे पूर्व, संसद में कई विपक्षी दल सोनिया गांधी प्रतिसमर्थन तथा हमदर्दी व्यक्त करने के लिये आगे आये। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में मीटिंग की तथा एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया। मीटिंग में इन पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे-डी.एम.के., सी.पी.आई. (एम) सी.पी.आई., आई.यू.एम.एल., नेशनल कॉन्फ्रेंस, टी.आर.एस., एम.डी.एम. के., एन.सी.पी., वी.सी.के., शिवसेना तथा आर.जे.डी.।

विपक्षी दलों ने संयुक्त वक्तव्य में कहा,"मोदी सरकार ने जाँच एजेंसियों के अनिष्कारी दुरूपयोग के जरिये, राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ प्रतिशोध का निरन्तर एवं निष्ठुर अभियान खुलकर चला रखा है। अनेक राजनैतिक दलों के प्रमुख नेता जानबूझ कर निशाना बनाये गये हैं तथा अभूत पूर्व तौर-तरीकों से परेशान एवं उत्पीड़ित किये गये है।"

इस वक्तव्य में नेताओं ने कहा, "हम इसकी मर्त्सना करते हैं तथा मोदी सरकार की जन-विरोधी, किसान-विरोधी तथा संविधान-विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी सामूहिक लड़ाई को जारी रखने तथा उसे तीव्रता प्रदान करने का संकल्प लेते है।"

सूत्रो ने कहा कि ऐसी सम्भावना है कि सोनिया गांधी को पूछताछ के अगले दौर के लिये अगले दो दिनों में फिर से तलब किया जायेगा। ई.डी. सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष, जो कोविड़ से अभी-अभी उबरी हैं, से पूछताछ के दौरान कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखा गया पूछताछ में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के पास कोविड-नैगटिव सर्टिफिकेट मौजूद था।

सूत्रों ने कहा कि ई.डी. के पाँच अधिकारियों ने, एक महिला अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में, सोनिया गांधी से पूछताछ की। जाँच एजेंसी ने कांग्रेस अध्यक्ष से पूछताछ के लिये 50 प्रश्न तैयार कर रखे थे।

इससे पूर्व, सोनिया गांधी सेन्ट्रल दिल्ली-स्थित जाँच एजेंसी मुख्यालय पर दोपहर के थोड़ी देर बाद ही पहुँच गई थीं। राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी उनके साथ गये थे। ई.डी. अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती वाड्रा को पूछताछ कक्ष से कुछ दूर स्थित एक भवन में ठहरने की व्यवस्था कर दी गई थी जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी परेशानी की स्थिति में, वे अपनी माँ के पास जाकर उन्हें दवा दे सकें।

ई.डी. द्वारा की गई पूछताछ का समर्थन करते हुये, भाजपा ने कांग्रेस द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन की आलोचना करते हुये, इसे गांधी परिवार को बचाने के "दुराग्रह" की संज्ञा दी। भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने गांधी परिवार पर हमला करते हुये आरोप लगाया, "कांग्रेस एक परिवार का जेबी-संगठन हो गई है और अब इसकी परिसम्पत्तियाँ भी इस परिवार की जेब में पहुँच रही हैं।"

# रीट भर्ती 2016 मामले में कैबिनैट सचिव ने राजस्थान मुख्य सचिव को निर्देश दिए

- **पीड़ित अभ्यर्थी ने गत माह केन्द्रीय कैबिनेट सचिव और राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि, कार्मिक अधिकारी और उप शिक्षा सचिव पूर्वाग्रह ग्रस्त नकारात्मक बयान दे रहे हैं और भ्रम फैला रहे हैं।**

उदयपुर, 21 जुलाई (कासं)। रीट भर्ती 2016 में रिक्त करीब 678 पदों के तथ्यात्मक प्रतिवेदनों पर कार्मिक विभाग के अधिकारी तथा उप शिक्षा सचिव के द्वारा पूर्वाग्रहपूर्वक नकारात्मक राय देकर मामले को भ्रमित करने को लेकर कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार ने राजस्थान के मुख्य सचिव को तत्काल आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया है।

मामले के एक पीड़ित अभ्यर्थी ने इस संबंध में गत माह केंद्रीय कैबिनेट सचिव तथा राष्ट्रपति को पत्र लिखकर प्रकरण में उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा हाई कोर्ट की खंडपीठ के जजमेंट व राजस्थान सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापसी के प्रशासनिक निर्णय के बावजूद अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने और वास्तविक तथ्यों पर विचार नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिकायत प्रेषित की थी। पीड़ित अभ्यर्थी ने उक्त भर्ती के वास्तविक तथ्यों पर कार्मिक विभाग के एक अधिकारी विशेष व स्थानांतरण आदेश के बावजूद अपने पद पर कार्यरत उप शिक्षा सचिव द्वारा इस प्रकरण में भ्रामक नोटिंग तैयार कर कोर्ट जजमेंट को दरकिनार कर सैंकड़ों बेरोजगारों की चयनसूची में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने के इस मामले की जाँच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में संज्ञान लेते हुए कैबिनेट सचिवालय की ओर से मुख्य सचिव को प्रेषित पत्र में पीड़ित अभ्यर्थी के अभ्यावेदन पर तत्काल यथोचित कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि रीट भर्ती वर्ष 2016 प्रकरण लंबित है। राजस्थान हाई कोर्ट की एकलपीठ व खंडपीठ सभी रिक्त पदों को प्रतीक्षा सूची के मार्फत भरने का आदेश दे चुकी है। गत वर्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर राजस्थान सरकार ने इन रिक्त पदों को भरने हेतु इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी भी वापिस ली थी।

कहां फंसा है पेच: गत वर्ष भर्ती की नोडल एजेंसी निदेशालय बीकानेर ने सितंबर माह में अंग्रेजी व विज्ञान-गणित के करीब डेढ़ हजार पदों पर अस्थायी चयनसूची भी जारी की थी, किन्तु निदेशालय ने ऑनलाइन आवेदन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता सत्यापन के बिना ही सूची जारी कर दी थी, जिससे बड़ी संख्या में अपात्र अभ्यर्थियों का भी इनमें चयन हो गया और वास्तविक पात्र बेरोजगार चयन से वंचित रह गए। इस प्रकार दोनों विषयों के करीब 678 पद आज भी रिक्त है। निदेशालय ने इन रिक्त पदों पर नयी चयनसूची के लिए सचिवालय से मार्गदर्शन भी माँगा हुआ है। पीड़ित अभ्यर्थियों का आरोप है कि कोर्ट ने अपने निर्णय में कहीं भी अपात्र अभ्यर्थियों को चयन सूची में शामिल करने के लिए नहीं लिखा है, जबकि कुछ जिम्मेदार अधिकारी इस मामले के तथ्यों पर विचार किए बिना ही पूर्वाग्रहपूर्वक बाधा उत्पन्न करने पर तुले हुए है।

## स्मृति ईरानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राइट टु इन्फार्मेशन (आर.टी.आई.) के जरिये इस लाइसेंस-फ्रॉड को उजागर किया था, से कहा है कि वे सुनवाई के लिये तय की तारीख 29 जुलाई को सुनवाई के समय उपस्थित रहें।

उन्होंने बुधवार को लिखित शिकायत दर्ज करके माँग की थी कि स्मृति ईरानी के परिवार द्वारा एक्साइज अधिकारियों तथा स्थानीय असागाव पंचायत से मिलकर किये गये इस बहुत बड़े फ्रॉड की गहन जाँच की जाये।

शिकायतकर्ता द्वारा एक्साइज विभाग से आर.टी.आई. के जरिये प्राप्त किये गये दस्तावेज यह बात रहे हैं कि गोवा के एक्साइज नियम बार का लाइसेंस पहले से चल रहे रेस्टोरेंट को ही दिये जाने की अनुमति देते हैं लेकिन स्तब्ध करने वाली बात यह है कि विभाग ने 18 फरवरी, 2021 को विदेशी शराब, भारत-निर्मित विदेशी शराब तथा देशी शराब (फेनी) की खुदरा बिक्री आउटलेट से किये जाने के लाइसेंस जारी कर दिये।

ये लाइसेंस मुम्बई के किन्हीं एन्थनी डीगामा के नाम जारी हुये थे। उनका आधार कार्ड 30 दिसम्बर, 2020 को जारी हुआ था।

डीगामा की मृत्यु 17 मई, 2021 को हो गई, जैसा कि एडवोकेट रॉड्रिग्स द्वारा मुम्बई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन से प्राप्त किया गया मृत्यु प्रमाण दर्शाता है। स्तब्ध कर देने वाली बात यह है कि मापूसा के एक्साइज ऑफिस ने इस व्यक्ति के नाम 29 जून, 2022 को लाइसेंसों का पुनर्नवीनीकरण कर दिया।

इसका मतलब यह हुआ कि स्मृति ईरानी का परिवार एक मर चुके व्यक्ति के नाम पर लाइसेंस लेकर इस बार को चला रहा है।

## खनन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पचगाँव क्षेत्र की अरावली पहाड़ियों में एक डम्पर-ट्रक को रुकने का इशारा किया था, ताकि उसके कागजात की जाँच की जा सके, लेकिन ड्राइवर वाहन की गति तेज कर दी तथा उन्हें कुचलता हुआ चला गया।

अरावली पहाड़ियों में खनन पर रोक लगा देने के बाद, सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे की मॉनिटरिंग कर रहा है।

नूह पुलिस ने उस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है जिसने डी.एस.पी. को अपनी गाड़ी से कुचल कर मार दिया था। क्लीनर इक्कार से हुई पूछताछ के बाद, ड्राइवर को राजस्थान के भरतपुर जिले से गिरफ्तार किया गया।

इक्कार मंगलवार को पुलिस-मुठभेड़ के दौरान चलाई गई गोली से जख्मी होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

न्यायमूर्ति खानविलकर 29 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं तथा इस प्रकार, वे अदालत में छः दिन और बैठेंगे। इसलिये यह केस किसी अन्य बैंच के पास भेजा जा सकता है, जिसका निर्णय मुख्य न्यायाधीश करेंगे।

वरिष्ठ एडवोकेट ए.डी.एन. राव, जो गैर कानूनी खनन केसों में सर्वोच्च न्यायालय की सहायता के लिये "न्याय मित्र" नियुक्त किये गये हैं, ने न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, अभय एस. ओझा तथा जमशेद बी. पारदीवाला के बैंच को इस प्रकरण की जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने राज्य सरकार से अब तक हुई कार्यवाही की रिपोर्ट माँग ली थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने 25 वर्षीय अविवाहित महिला को गर्भपात की मंजूरी दी

## अविवाहित महिला ने कोर्ट में अनुरोध किया था कि, उसका लिवइन पार्टनर उसे छोड़ गया है तथा वह अकेली बच्चे का पालन करने में असमर्थ है

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, इस मामलें में जो कानून है वह एक विधवा या तलाकशुदा महिला को 20-24 सप्ताह की अवधि में गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है।**

नई दिल्ली, 21 जुलाई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि सिर्फ अविवाहित होने के कारण किसी महिला को गर्भपात से नहीं रोका जा सकता।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 25 वर्षीय एक अविवाहित महिला द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के 16 जुलाई के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद अपना यह फैसला सुनाया। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि एक महिला को सिर्फ इसलिए अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वह अविवाहित है। याचिकाकर्ता महिला ने उच्च न्यायालय के आदेश पर सवाल उठाया था, जिसमें उसने अपने 24 सप्ताह के भ्रूण को उसकी (महिला की) सहमति से संबंध के आधार पर गर्भपात करने की अनुमति का अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया था। महिला ने अपनी याचिका में कहा था कि उसके लिए बच्चे को पालना मुश्किल था, क्योंकि उसके साथी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा था कि वह अपने किसान माता-पिता के पांच भाई-बहनों में एक है। महिला ने कहा था कि अविवाहित होने पर बच्चे को जन्म देने के कारण सामाजिक बहिष्कार और मानसिक पीड़ा का भी उसे सामना करना पड़ेगा। उसने यह भी कहा था कि वह सिर्फ एक कला स्नातक और उसके पास रोजी रोजगार का कोई जरिया नहीं है। लिहाजा वह बच्चे के पालन पोषण के लिए पर्याप्त साधन नहीं जुटा पाएगी।

शीर्ष न्यायालय अदालत की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि 2021 मैडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में किए गए संशोधन में अविवाहित महिला को भी शामिल करने के लिए पति के बजाय "पार्टनर" शब्द का इस्तेमाल किया गया था।

## ज्ञानवापी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निर्णय की प्रतीक्षा करेगी।

बैंच ने कहा कि उसे इस तथ्य से अवगत करावा दिया गया है कि जिला जज के समक्ष कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन हैं और आदेश 7 नियम 11 के तहत दावे की व्यवहार्यता पर प्रश्न उठाने वाले आवेदन के परिणाम तक मस्जिद कमेटी की अपील को लम्बित रखना उचित होगा।

शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिन्दू श्रद्धालुओं को द्वारा दायर दीवानी दावे को यह कहते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से वाराणसी के जिला जज को ट्रांसफर कर दिया कि मुद्दे की "जटिलताओं" और "संवेदनशीलता" को देखते हुए बेहतर यह होगा कि 25 से 30 सालों का अनुभव रखने वाला कोर्ट सीनियर जूडीशियल अधिकारी इस केस को हैण्डिल करे।

शिवलिंग मिलने के बाद यह मस्ज़िद चर्चा का विषय बनी हुई है और हिन्दू मतावलम्बी इस शिवलिंग की पूजा करने का दबाव बना रहे हैं।

## "ई.डी. झूठ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चर्चा के लिए तैयार बशर्ते सरकार 11.15 से 11.30 बजे के बीच चर्चा के लिए मान जाए उनकी संसद को चलने देना चाहती है, सरकार की तरह नहीं जो उन मुद्दों पर सवाल कतराती है, जिनके जवाब नहीं देना चाहती। वरिष्ठ पार्टी नेताओं शथि थरूर, सचिन पायलट और पवन खेड़ा को राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन किए जाने पर गिरफ्तार किया। कई राज्यों के मुख्यालयों में प्रदर्शन किए गए। कांग्रेस के प्रदर्शन और कांवड़ यात्रा से दिल्ली में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908